
हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, रविवार 6 अप्रैल 2025

[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]


## आज शाम 7.22 बजे तक रामनवमी का पर्व, मंदिरों में होगी विशेष पूजा-अर्चना



**राजनांदगांव।** नवरात्र पर्व की समाप्ति एवं रामनवमी दोनों ही पर्व का उत्साह आज एक साथ देखने को मिलने वाला है। नवमीं पर आज जहां देवी मंदिरों में ज्योत विसर्जन एवं भंडारे का दौर देखने को मिलेगा। वहीं राम मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना प्रभु श्रीराम की होगी। ज्ञात हो कि रामनवमी की तिथि आज शाम 7.22 बजे तक ही है। ऐसे में अधिकांश मंदिरों में इससे पहले ही रामनवमी के कार्यक्रम कर लिए जाएंगे। उल्लेखनीय है हिंदू पंचांग अनुसार भगवान राम का जन्म चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को हुआ था, इसलिए हर साल चैत्र माह की नवमीं तिथि को रामनवमी मनाई जाती है। इस बार नवमी तिथि 5 अप्रैल को शाम 7 बजकर 26 मिनट पर शुरू होगी और तिथि का समापन 6 अप्रैल को शाम 7 बजकर 22 मिनट पर होगा।

### निकलेगी शोभायात्रा

रामनवमी को लेकर जहां आज जिलेभर में राम मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। वहीं कल सात अप्रैल को शहर में विश्व हिंदू परिषद एवं अन्य हिंदू संगठनों द्वारा एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरेगी।

## नवरात्रि विशेष



### नवमीः सिद्धिदात्री

नवम नवरात्रि को देवी माता के मंडपों में सिद्धिदात्री देवी की आराधना होती है। सिद्धिदात्री मां दुर्गा का नौवां स्वरूप है। माता की यह शक्ति सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली है। मार्कडेय पुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, गरिमा, लांघना, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व यह आठ सिद्धियां है। ब्रह्मवैवर्तपुराण के श्रीकृष्ण जन्म खंड में यह संख्या अठारह बताई गई है। सिद्धिदात्री को ही जगत को चलाने वाली देवी कहा गया है। देवी पुराण के अनुसार महादेव ने इनकी कृपा से ही सिद्धियां प्राप्त की थी। इन्हीं की कृपा से सदाशिव का आधा शरीर देवी का हुआ है। यह भी कथा है कि मधु-कैटभ के वध के लिए महादेवी ने महामाया फैलाई और उसके अनेक रूप हो गए। भ्रमित दानवों ने पूछा कि देवी जब तुम अकेली हो तो इतनी सारी शक्तियां कौन है, तब देवी ने कहा कि सब मेरी शक्तियां हैं। मुझसे अलग कुछ नहीं है। इतना कहते देवी ने तमाम शक्तियां समेट ली और केवल सिद्धिदात्री मां ही रह गई। ऐसे ही समुद्र मंथन के समय सिद्धिदात्री देवी ने ही असुरों को भ्रम में डाला था। सिद्धिदात्री मां कमला ही धन-धान्य की प्रतीक है। मां सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली है। कमल पुष्प इनका आसन है। देवी के दाहिने तरफ के नीचे वाले हाथ में चंद्र, उपर वाले हाथ में गदा और बांई तरफ के नीचे वाले हाथ में शंख और उपर वाले हाथ में कमल पुष्प है। जगत का कल्याण करने वाली यह देवी नवरात्रि की अधिष्ठात्री भी है। सिद्धिदात्री मां के भक्तों की लौकिक-पारलौकिक सभी प्रकार की कामनाएं पूर्ण होती है। सिद्धिदात्री माता का आराधना का मंत्र है-
सिद्धगंधर्वयक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।

# महाअष्टमी पर देवी मंदिरों में हवन, आज ज्योत विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चैत्र नवरात्र पर्व के तहत शनिवार को महाअष्टमी मनाया गया। इस मौके पर घर सहित देवी मंदिरों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर हवन किया गया। कन्याओं को भोजन ग्रहण कराकर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। दिनभर मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। जय माता के जयकारों की गूंज रही।

शक्ति की देवी मां दुर्गा की आराधना कर चैत्र नवरात्र पर अंचल में श्रद्धा भक्ति का माहौल है। नवरात्र के पहले ही दिन से देवी मंदिरों में भक्तों की सुबह से देर शाम तक भीड़ उमड़ रही है। लोग विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने में जुटे रहे। इस मौके पर मंदिर सहित घरों में भी आस्था के ज्योत प्रज्जवलित किए गए एवं जंवारा स्थापित किया गया।

मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ सहित अंचल के देवी मंदिरों में दूर-दूर से भक्तों का आगमन बना रहा। शहर के देवी मंदिरों में शीतला मंदिर सोनारपारा, मां पाताल भैरवी मंदिर, कालीमाई मंदिर बस स्टैंड, कालीमाई मंदिर ब्राम्हणपारा, दुर्गा मंदिर किलापारा, महामाया मंदिर, मां भानेश्वरी मंदिर, काली मंदिर बापूटोला सहित अन्य देवी मंदिरों में भक्तों की उपस्थिति रही।



### महाप्रसादी भंडारा का आयोजन

महाअष्टमी के अवसर पर देवी मंदिरों सहित घरों में विधि-विधान के साथ हवन-पूजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। हवन पश्चात शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में कई स्थानों पर भंडारा महाप्रसादी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर कन्याओं को भोजन प्रसादी ग्रहण कराकर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। घर एवं मंदिरों में माता के जयकारों के साथ ही जसगीतों की गूंज रही।

### जसगीतों की गूंज के साथ होगा जंवारा विसर्जन

कल श्रीराम नवमी के अवसर पर सुबह से ही मंदिरों में रखे जंवारा का जसगीतों के साथ शोभायात्रा निकालकर विधि-विधान से विसर्जन किया जाएगा। दिनभर जंवारा विसर्जन का सिलसिला रहेगा। इस मौके पर तालाबों में बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रहेगी। खासकर शहर के मां शीतला मंदिर प्रांगण में सुबह से देर रात तक भक्तों की उपस्थिति रहेगी। बूढ़ासागर एवं रानीसागर तालाब में श्रद्धा-भक्ति के साथ जंवारा विसर्जन किया जाएगा।

## शराब की अवैध बॉटलिंग मामले में तीन अन्य आरोपी गिरफ्तार

# फार्म हाउस में ही गड़ा रखा था शीशी एवं ढक्कन, होलोग्राम देने वाला भी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शराब की अवैध बॉटलिंग मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। तीन अन्य आरोपियों को इस मामले में गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही बॉटलिंग के लिए फर्जी होलोग्राम और स्टीकर उपलब्ध कराने वाले आरोपी को भी पुलिस ने पकड़ लिया है। इसके अलावा पुलिस ने एमपी शराब की खाली बोतल एवं ढक्कन भी बरामद कर लिया है। आरोपी द्वारा इन्हें अपने ही फार्म हाउस में गाड़कर रखा गया था। ज्ञात हो कि अब तक पुलिस इस मामले में 11 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

एएसपी राहुल देव शर्मा ने बताया कि 29 मार्च को शराब की अवैध बॉटलिंग मामले में डोंगरगढ़ के करवारी रोड स्थित फार्म हाउस में दस्तक देकर कार्रवाई करने वाली पुलिस लगातार इससे जुड़े आरोपियों तक पहुंच रही है। दो दिन पहले ही इस मामले में आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। जिसमें फार्म हाउस संचालक सोनू नेताम शामिल था। इसके बाद पूछताछ से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस की अलग-अलग टीमें लगातार पड़ोसी राज्यों में छापेमारी कर रही है। इसी दौरान पुलिस को होलोग्राम एवं स्टीकर उपलब्ध कराने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता मिल गई है। बताया जा रहा है कि इस मामले में अभी और भी गिरफ्तारी हो सकती है।

### छह माह में पांच कन्टेनर में एमपी से पहुंची लाखों की शराब



### इन राज्यों में तलाश जारी

जिला पुलिस की टीम इस मामले में महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, बिहार के साथ ही तेलांगना राज्य तक भी जांच के लिए पहुंची हुई है। जल्द इस मामले में अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया जा सकता है।

### जला देते थे शीशी एवं ढक्कन

बताया गया कि फार्म हाउस में एमपी की शराब आने के बाद उसकी बोतल को बदला जाता था। अधिक मुनाफा कमाने के चक्कर में एमपी की शराब को छग के नकली स्टीकर लगातार बोतल में भरा जाता था। वहीं एमपी की शराब बोतल एवं ढक्कन को फार्म हाउस में ही जला देते थे। पुलिस को फार्म हाउस में ही गढ़ा हुआ कुछ ढक्कन और बोतल की शीशी भी मिली है।

### यह आरोपी किए गए गिरफ्तार

शनिवार को प्रेसवार्ता लेकर पुलिस ने जानकारी दी कि तीन अन्य आरोपियों को इस मामले में गिरफ्तार किया गया है। इनमें नंदकिशोर वर्मा उर्फ नीतु वर्मा उर्फ छोटा कट्टी निवासी मोहारा डोंगरगढ़ शामिल है। यह आबकारी के ही एक मामले में जगदलपुर जेल में बंद था। इसके अलावा होलोग्राम एवं स्टीकर उपलब्ध कराने वाला आरोपी पवन शर्मा, निवासी देवरी गोंदिया को गिरफ्तार किया गया है। तीसरा आरोपी ओमकार गर्ग उर्फ हड्डी निवासी मोहारा डोंगरगढ़ को हैदराबाद शहर से पुलिस टीम ने पकड़ा है।

### छोटा कट्टी एवं हड्डी लाते थे शराब

पुलिस के अनुसार पवन शर्मा आरोपी सोनू नेताम होलोग्राम यानि स्टीकर एवं कमीशन पर शीशी और ढक्कन उपलब्ध कराने का काम करता था। पड़ोसी राज्य से शराब की खेप उपलब्ध होने बाद आरोपी नंदकिशोर वर्मा उर्फ छोटा कट्टी अपने कर्मी ओमकार गर्ग के साथ मिलकर शराब को रोहित नेताम के फार्महाउस तक पहुंचाने का काम करता था, जहां शराब की अवैध बॉटलिंग होती थी।

# सुशासन तिहारः वार्डों में लगेगी शिकायत की पेटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जिला स्तर पर सुशासन तिहार के आयोजन करने निर्देश दिए हैं। यह तिहार प्रदेश में सुशासन की सशक्त स्थापना, जनसमस्याओं के त्वरित समाधान, जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा और जन संवाद को सशक्त बनाने के उद्देश्य से तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा।

जन-हितैषी प्रशासन की स्थापना को लेकर इस तिहार के माध्यम से शासन-प्रशासन सीधे आम जनता से जुड़कर उनकी समस्याओं को समयबद्ध ढंग से सुलझाने का कार्य करेगी। सुशासन तिहार-2025 का आयोजन तीन चरणों में होगा। पहले चरण में 08 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आम जनता से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। दूसरे चरण में लगभग एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तीसरे एवं अंतिम चरण में 5 मई से 31 मई 2025 के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

### आठ से अभियान

आम जनता से उनकी समस्याओं के संबंध में 08 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक ग्राम पंचायत मुख्यालयों और नगरीय निकाय कार्यालय में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। इन स्थलों पर समाधान पेटी रखी जाएगी, ताकि लोग अपनी समस्याएं और शिकायतें निःसंकोच लिखकर उसमें डाल सकें। आवेदन प्राप्त करने के लिए समाधान पेटी की व्यवस्था जिला और विकासखण्ड मुख्यालय स्तर पर भी की जाएगी। वहीं नगर निगम द्वारा शहर के 51 वार्डों में आवेदन लेने शिविर लगाया जाएगा। वहीं ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की भी पोर्टल में व्यवस्था रहेगी। ऑनलाइन आवेदन किया जा सकेगा।

### ऑनलाइन होंगे आवेदन

प्रत्येक आवेदन को पोर्टल में पंजीकृत कर ऑनलाइन अपलोड किया जाएगा। साथ ही आवेदनकर्ता को पावती दी जाएगी।
जनता को आवेदन लिखने में सहायता प्रदान करने हेतु आवश्यकतानुसार अधिकारियों/कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी । इन आवेदनों के निराकरण की गुणवत्ता का विश्लेषण जिला और राज्य स्तर पर किया जाए।

### चार दिन के भीतर जमा होंगे आवेदन

इधर आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने हरिभूमि को बताया कि सुशासन तिहार की तैयारियां पूरी हो गई है। नोडल अधिकारी नियुक्त कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि चार दिनों तक वार्ड में समस्याएं और शिकायतें लेने के बाद एक माह में उसका निराकरण किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### मिलचाल राम मंदिर में राम जन्मोत्सव आज



**राजनांदगांव।** बीएनसी मिलचाल स्थित श्री मानस राम मंदिर में भगवान श्री रामचंद्र जी का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। श्री मानस राम मंदिर के पं. संदीप ठाकुर ने बताया कि कल 6 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से भगवान श्री रामचंद्र का जन्म उत्सव मनाया जाएगा।

जिसमें शहारवासी उपस्थित होकर भगवान रामचन्द्र जन्मोत्सव में शामिल होकर पुष्य लाभ प्राप्त कर सकते हैं। भगवान के जन्मोत्सव बाद आरती का आयोजन होगा। तत्पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर श्रीराम के भक्तगणों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की गई है।

# गृहमंत्री के क्षेत्र में ऐसी है स्थिति तो प्रदेश में कैसे होंगे हालातः बैज



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने डोंगरगढ़ के करवारी में अवैध शराब बॉटलिंग के मामले को लेकर प्रदेश सरकार को घेरा और कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेशभर में इस मामले को लेकर प्रदर्शन किए जाने की बात कही।

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज आज डोंगरगढ़ स्थित मां बमलेश्वरी के दर्शन के लिए पहुंचे। उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते कहा कि मां बम्लेश्वरी की नगरी डोंगरगढ़ में अवैध शराब बॉटलिंग प्लांट को लेकर दीपक बैज ने कहा कि गृहमंत्री के प्रभार जिले में उनके संरक्षण में अवैध शराब बिक रही है। उन्होंने कहा कि यह लोग कांग्रेस सरकार पर नकली होलोग्राम से शराब बेचने का आरोप लगाते थे, लेकिन मां बम्लेश्वरी की नगरी में सरकार के संरक्षण में इतना बड़ा कर्मकांड नकली होलोग्राम से शराब बेचने का चल रहा था, तो पूरे प्रदेश के क्या हालात होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नकली शराब बिक रही है। सरकार नकली शराब और होलोग्राम से लोगों को लूटने का काम कर रही है।

### प्रदेश में होगा विरोध

अवैध शराब की बॉटलिंग प्लांट जिले के डोंगरगढ़ क्षेत्र में चल रहा था। यहां कांग्रेस की विधायक है। वहीं जिले में कांग्रेस के तीन विधायक होने के बाद भी इस अवैध शराब के मामले को लेकर कांग्रेस का कड़ा प्रदर्शन कहीं भी सड़क पर देखने नहीं मिला। जिसको लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि इस मामले में चर्चा करेंगे। पूरे प्रदेश में इसका विरोध होगा।

### जांच कमेटी का गठन

पुलिस कस्टडी में दुर्गेंद्र सोनकर की मौत के मामले को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि इस पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जांच कमेटी बनाई है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में पांच से अधिक मौतें पुलिस की कस्टडी में हुई है।

# तीन से पांच हजार में आ रही नर्सरी की किताबें निजी स्कूलों की मनमानी पर एक्शन की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ अब न केवल पालक सामने आ रहे हैं, बल्कि शिक्षा विभाग भी एक्शन लेने के मूड़ में आ गया है। लिखित शिकायत सामने आने के बाद चार सदस्यीय जांच समिति का गठन कर दिया गया है। अब यह समिति यह पता लगाएगी कि निजी स्कूलें अलग-अलग पब्लिकेशन की किताबों से क्यों पढ़ाई करा रही है। निजी स्कूलों की मनमानी का सिलसिला यहीं नहीं थमता है, बल्कि ड्रेस के नाम पर भी पालकों से हजारों रुपए वसूले जा रहे हैं। आलम यह है कि स्कूल मैनेजमेंट ही यह तय कर रहा है कि पालक कहां से किताबें लेंगे, कहां से स्कूल ड्रेस लेंगे। अपने कमीशनखोरी के चलते स्कूल मैनेजमेंट पालकों की जेब ढिली करने पर आतुर हो गया है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश से लेकर केंद्र सरकार तक हर बच्चे तक बेहतर शिक्षा पहुंचाने में जुटी हुई है, लेकिन दूसरी ओर निजी स्कूलों का संचालन करने वाले शिक्षा माफिया बनकर मनमानी कमाई का रास्ता शिक्षा के मंदिरों को बना चुके हैं। बच्चों से मोटी रकम वसूलने वाले यह शिक्षा माफिया अपने ही शिक्षकों को वेतन देने में भी फिसड्डी साबित हो रहे हैं, जहां बच्चों के पालक महंगी फीस भरने से परेशान हो चुके हैं। वहीं इन महंगी स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षकों का दर्द यह है कि उनमें वेतन के नाम पर आठ से 12 हजार रुपए ही मिल रहे हैं। ऐसे में सवाल खड़ा हो रहा है कि मोटी रकम वसूलने वाला स्कूल कमाई का पैसा कहां डाल रहा है।




### सीधे पब्लिकेशन से सांठगांठ

शहर में स्थित कुछ बुक स्टोर संचालक ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि इस पूरे खेल में निजी स्कूल संचालक एवं प्राईवेट पब्लिकेशन के बीच सीधे सौदेबाजी हो जाती है। निजी स्कूल उक्त पब्लिकेशन से उनकी किताबों के उपयोग के बदले लाखों रुपए का कमीशन लेता है। इसके बाद जिन बुक स्टोर के जरिये यह किताबें बेची जाती है, उनसे भी स्कूल मैनेजमेंट पैसों की डील करता है। ऐसे में यह समझा जा सकता है कि हर स्कूल में अलग-अलग पब्लिकेशन की किताबों के उपयोग के पीछे स्कूलों की मुनाफा कमाने की मंशा है।

### फीस बढ़ोत्तरी पर भी नियंत्रण नहीं

निजी स्कूलों द्वारा फीस बढ़ाने पर यह नियम है कि 8 प्रतिशत तक फीस बढ़ाई जा सकती है, लेकिन इससे अधिक फीस बढ़ोत्तरी करने के लिए निर्णय जिला समिति लेती है। इसमें भी 8 फीसदी से अधिक फीस बढ़ाने के पीछे का कारण निजी स्कूलों को बताना होता है, परन्तु इस नियम को भी दरकिनार कर निजी स्कूल अपनी मनमर्जी से फीस में बढ़ोत्तरी कर देते हैं। आलम यह है कि शहर के अधिकांश निजी स्कूलों में पहली कक्षा के विद्यार्थियों से 30 से 35 हजार रुपए की फीस ली जा रही है।

## मांय एंगल












## खबर संक्षेप

### लुभा रहा बेल का फल



**सड़क अतरिया।** उदर के लिए लाभकारी बेल का फल इन दिनों लोगों को लुभा रहा है। बेल के फल पक कर तैयार हो रहे है। उल्लेखनीय है कि बेलपत्र की तरह इसके फल का भी काफी महत्व है। यह काफी गुणकारी और लाभदायक होता है। लोग इस बड़े चाव से खाते हैं। गर्मी में शीतलता पाने के लिए फल का शरबत के रूप में उपयोग किया जाता है। इसमें प्रचुर मात्रा में पोषक तत्व होते हैं, जो पाचन तंत्र और पेट विकार के लिए फायदेमंद होते हैं।

### भाजपा का स्थापन दिवस आज



**गैंदाटोला।** मंडल भाजपा की बैठक स्थानीय सामुदायिक भवन में प्रभारी अमित जैन की अगवाई में आयोजित की गई। बैठक में कल 6 अप्रैल को भाजपा स्थापना दिवस मनाने की रूपरेखा तैयार किया गया। इसी कड़ी में आगामी 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती तक विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाया गया। बैठक में मंडल अध्यक्ष ने संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी दी। बैठक प्रभारी ने 6 अप्रैल को सभी बूथो में भाजपा स्थापना दिवस मनाने, कार्यकर्ताओं के घरों में पार्टी का झंडा फहराने, प्रत्येक बूथों में पदयात्रा करने, सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन, स्वच्छता अभियान चलाने आदि के बारे में बताया।

### भंडारा में उमड़े लोग



**पटेवा।** ग्राम पटेवा के दुर्गा माता मंदिर प्रांगण में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के पंचम दिवस द्वादश ज्योतिर्लिंग दर्शन कथा का रसपान बड़ी संख्या में उपस्थित जन-मानस ने किया। कथावाचक दिग्विजय शर्मा ने शिव महापुराण कथा का वाचन किया। इस दौरान आयोजक समिति ने खीर प्रसादी का विवरण किया। सरपंच लक्ष्मी रविलाल वर्मा ने भंडारा का आयोजन किया। बड़ी संख्या में जनसमुदाय ने भंडारा प्रसादी ग्रहण किया।

### द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर में 10 से प्राण प्रतिष्ठा



**डोंगरगांव।** मटिया वार्ड 14 के द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर में आगामी 10 से 14 अप्रैल तक प्राण प्रतिष्ठा समारोह एवं रामायण महोत्सव आयोजित किया गया है। यहां श्रीगणेश एवं पंचमुखी हनुमान की स्थापना होगी। मंदिर संचालन समिति के अध्यक्ष पुरुषोत्तम साहू ने बताया कि प्राणप्रतिष्ठा समारोह के मुख्य आचार्य पं शशांक शर्मा के मुताबिक 10 अप्रैल को गणपति पूजन, शोभायात्रा, वेदीपुजन, जलाधिवास, 11 को वेदीपूजन, अन्नाधिवास, 12 को वेदीपूजन, पुष्पाधिवास, फलाधिवास, 13 को वेदीपूजन, वस्त्राधिवास, सैय्याधिवास तथा 14 अप्रैल को मंगल स्नान, प्राणप्रतिष्ठा, रुद्राभिषेक, हवन एवं महाप्रसादी वितरण होगा।

### जोंधरा में गायत्री महायज्ञ 9 से

**डोंगरगांव।** युग निर्माण योजना के तहत अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधा- में ग्राम जोंधरा में 9 अप्रैल से पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा रखा गया है। इस दौरान विभिन्न संस्कार निःशुल्क संपन्न किए जाएंगे। श्रीराम प्रज्ञा मंडल के तत्वावधान एवं ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित महायज्ञ का शुभारंभ 9 अप्रैल को 12 बजे मंगल कलश यात्रा से होगा। अपरान्ह 4 से 6 बजे तक देव स्थापना एवं पूजन होगा। दूसरे, तीसरे और चौथे दिन सुबह 8 बजे से पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, 10 बजे से 1.30 तक तथा अपरान्ह 3 से 5 बजेतक प्रज्ञा पुराण कथा, शाम को व्याख्यान, दीपयज्ञ होगा। अंतिम दिन 13 अप्रैल को गायत्री महायज्ञ, विभिन्न संस्कार, महापूर्णाहूति, देव बिदाई, वरिष्ठों का सम्मान तथा टोली बिदाई होगी।

### मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**डोंगरगढ़।** द टीचिंग बुद्धा फॉउंडेशन एवं एससी एसटी एसोसिएशन के तत्वावधान में शोकसभा आयोजित कर म्यांमार और थाईलैंड में आए भूकम्प में जान गंवाने लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। इसी प्रकार अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम पर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के खिलाफ धरना देने के दौरान गोली के शिकार हुए समाज के युवाओं को याद कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। एसोसिएशन के अनमोल बौद्ध ने अगरबत्ती मोमबत्ती प्रज्जवलित किया। डॉ. मनोज गजभिये ने त्रिशरण, पंचशील ग्रहण किया। एचके आजाद ने भूकम्प से दिवंगतो को श्रद्धांजलि अर्पित कराया। इस दौरान सचिन कुमार, ह्रदय किशोर, शैलेन्द्र कुमार, एसएन मांझी, देवेश बंजारी, अजय मेश्राम, अनिल मेश्राम सहित अन्य उपस्थित थे।

### प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होंगे सांसद



**डोंगरगढ़।** आंध्र समाज द्वारा केदार बाडी वार्ड 3 में भगवान सीताराम की प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सांसद संतोष पांडे शामिल होंगे। प्रातः 8 बजे से विषेश अभिषेक दोपहर 12 बजे तक चलेगा। कार्यक्रम में पूर्व विधायक रामजी भारती, विनोद खांडेकर एवं हरविंदर सिंग मंगे विषिश्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### विधायक अग्रवाल ने किया देवी दर्शन



**डोंगरगढ़।** विधायक अमर अग्रवाल आज अपनी पत्नी शशि अग्रवाल के साथ धर्मनगरी पहुंचे। उन्होंने माता बम्लेष्वरी के विधिवत पूजा अर्चना कर आशिर्वाद लिया। श्री अग्रवाल का ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल सहित अन्य ने स्वागत किया। इस दौरान पूर्व विधायक रामजी भारती, विनोद खांडेकर, हरविंदरसिंग मंगे, पवन जैन, रमन डोंगरे, जस्मित सिंग बन्नोआना, परविंदर सिंग मोटी, गिरीष साहू, सुमित मिश्रा, अमन जनबंधु, सुषमा कोठारी, संतु राव, प्रिंस कक्कड, प्रकाश बिंदल, सुमित ताम्रकर सहित अन्य उपस्थित थे।

---

## अष्टमी को कन्या भोज का आयोजन, हवन में शामिल हुए श्रद्धालु

# मंदिरों में हवन, ज्योति कलशों का विसर्जन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

चैत्र नवरात्र पर्व के तहत शुक्रवार की रात को आदिशक्ति माता भगवती का सप्तमी अभिषेक आचार्य एवं पंडितों ने विधिवत किया। रात्रि 11.30 बजे से मंत्र उच्चारण के साथ अभिषक शुरू हुआ। इस दौरान आधे घंटे तक गर्भगृह के पट बंद रहे। माता के जय कारे के साथ श्रृंगार अवधि तक ट्रस्ट के पदाधिकारी एवं हजारो दर्शनार्थी अभिषेक के साथ माता के नए स्वरूप के देखने करीब 1 घंटे तक इंतजार करते रहे। अभिषेक के बाद आरती की गई।

### हवन पूजन

उपर मंदिर में अष्टमी हवन विधिवत संपंन्न हुआ। आचार्य राजकुमार, युवराज महाराज एवं पंडितो ने प्रातः 8 बजे से हवन पूजन की तैयारी शुरू कर दिया। अंतिम आहूति के साथ ही हवन का समापन हुआ। नवरात्र के 8 वे दिन माता जी को श्रीफल चढ़ाया गया। उल्लेखनीय है कि माता के दरबार में साबूतत नारियल का बंधन किया जाता है। सप्तसति पाठ समापन के साथ नीचे मंदिर में हवन की तैयारी शुरू की गई। उपर मंदिर में ट्रस्टी बबलू शांडिल्य ने ने हवन प्रक्रिया पूरी कराया। वहीं नीचे मंदिर में ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल यजमान के रूप में उपस्थित रहेंगे। अष्टमी हवन के समापन के साथ देर रात माता जी की आरती के बाद कल 6 अप्रैल को ज्योति कलश यात्रा की तैयारी शुरू हो गई।

### देर रात माता ने बदला स्वरूप





### दर्शनार्थियों की संख्या में कमी

नवरात्र की अष्टमी तक 4 से 5 लाख तक दर्शनार्थियों ने उपस्थिति दर्ज कराकर माता का दर्शन किया। अन्य सालों की तुलना में इस साल पर्व फीका रहा। नवरात्रि के दौरान सड़क, रेल मार्ग सहित पदयात्री के रूप में लगभग 8 से 10 लाख लोग यहां पहुंचते रहे हैं। बीते 15 साल में यह आंकड़ा 7 से 8 लाख तक पहुंचते रहा है। इस बार 6 से 7 लाख पर सिमट कर रह गया है। चैत्र नवरात्रि में दर्शनार्थियों की संख्या में बड़ी कमी देखने मिली है। सडक मार्ग से 2 लाख , रेल मार्ग से 1 लाख एवं 50 हजार पदयात्री पहुंचे। दर्शनार्थियों की संख्या में कमी होने के कारण मीनाबाजार, प्रसाद बेचने वाले सहित अन्य दुकानदारो को उम्मीद के अनुसार लाभ नहीं हुआ। कम भीड़ को लेकर कहा जा रहा है कि इस अवधि में परीक्षा होने के अलवा पूर्व में हुई भगदड़ की खबर को मुख्य कारण माना जा रहा है।

### माँ गंगई मंदिर में हुआ हवन



**गंडई पंडरिया।** चैत्र नवरात्र की अष्ठमी को माँ गंगई मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में हवन किया गया।नगर के मां गंगई मंदिर में युवराज लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने अपनी पत्नी के साथ हवन पूजा किया।गंगई मंदिर के बाहर भंडारे का आयोजन मुकेश पटेल ने किया गया जिसमें रिखीराम पटेल, किसन पटेल, खम्हन ताम्रकर, गोल्डी अग्रवाल, जितू अग्रवाल, राजू देवांगन, संतोष ठाकुर, ऋषभ जायसवाल, अजीत सिंह राजपूत, अनिल जैन आदि ने प्रसाद वितरण में सहयोग दिया।

### अष्टमी को माता का हुआ श्रृंगार महाआरती में शामिल हुए भक्त

**सड़क अतरिया।** चैत्र नवरात्रि पर्व के आठवें दिन सभी देवी मंदिरों एवं जोत ज्वारा स्थल में महाष्टमी मनाया गया। माता के उपासकों ने हवन पूजन कर देवी स्वरूपा नौ कन्याओं को भोज कराया।

नर्मदा मंदिर में अष्टमी पर माता रानी का विशेष श्रृंगार किया गया। मंदिर समिति के सदस्य, ग्रामीण एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होकर विधि विधान के साथ हवन पूजन किया। इसी प्रकार चोरडाधाम के दुर्गा मंदिर, घिरघोली के सिद्ध बाबा मंदिर, पैलीमेटा के अन्नपूर्णा माता मंदिर सहित शीतला मंदिर एवं जोत ज्वारा स्थापित घरों में अष्टमी पर हवन के पश्चात महाआरती किया गया। कल रविवार को जोत जवारा एवं ज्योति कलश का विसर्जन किया जाएगा।



### कन्या भोज का आयोजन

अष्टमी हवन पूजन के बाद सभी देवी स्थलों, ज्वारा स्थल में कन्या भोज का आयोजन किया गया। भक्तों ने कन्याओं का तिलक व पूजन कर भोजना कराने के बाद उपहार दिया। नवरात्रि की अष्टमी पर स्कूलों में अवकाश रहता था। कभी घोषित तो कभी ऐच्छिक अवकाश के तहत छुट्टी रहती थी। पहली बार ऐसा देखने को मिला की अष्टमी पर क्षेत्र के सभी सरकारी व निजी स्कूल खुले रहे। जानकारी अनुसार शुक्रवार से स्थानीय कक्षा की परीक्षा शुरू हो गई है। शनिवार को भी परीक्षा थी। परीक्षा के चलते बालिकाओं को कन्या भोज में शामिल होने में काफी दिक्कत हुई।

---



## सड़क डामरीकरण 2 साल अपूर्ण, एक साल पहले गिट्टी बिछाकर छोड़ दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ टाटेकसा

दीवानटोला से नवागांव तक सड़क का निर्माण ठेकेदार की लापरवाही के चलते 2 साल में नहीं हो पाया है। सड़क के अपूर्ण रहने के बाद भी लोक निर्माण विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। सड़क के नहीं बनने से लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उबड़-खाबड़ सड़क पर चलना लोगों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो गया है। इन दिनों दिवानटोला के बच्चों को 4 किमी की जगह 8 किमी घुमकर स्कूल जाना पड़ रहा है। ग्रामीणो ने डामरीकरण शीघ्र कराने की मांग की है।

# जलस्तर गिरा, गांव में जल संकट

## नदी नाले सूखे, हैंडपंपों से पानी निकलना हुआ बंद, परेशानी में फंसे ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुसरा

ग्राम पंचायत छिपा, कातलवाही, मुसरा, कोलीहापुरी, आरबीरा, झिटिया, पारागाव कला सहित अन्य गांव में पानी की समस्या बढ़ गई है। गांव के जल स्त्रोत दिन प्रतिदिन सूख रहे हैं। पानी के लिए ग्रामीणों को भटकना पड़ रहा है। ग्रामीण इन दिनों विभिन्न साधना से पानी ला रहे हैं किंतु वर्तमान हालत को देखते हुए कहा जा रहा है ज्यादा दिन पानी नहीं मिल सकता क्योंकि यह समस्या आसपास के गांव में भी बढ़ रही है।

### नहर, नाले सूखने से बढ़ी चिंता

विकासखंड के दर्जनों तालाब सूख गए हैं। नदी नाले भी सूखने के कगार पर है। लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। जल स्त्रोतों के सूखने से जानवरों की परेशानी भी बढ़ गई है। वर्तमान संकट को देखते हुए निदान की दिशा में जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो संकट विकराल रूप ले सकता है। वहीं केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना जमीनी स्तर पर फेल हो गई। जल जीवन मिशन के कार्य अधूरे पड़े हैं। कहीं पानी की टंकी बनी है तो पाईप नहीं बिछाया गया। कही काम पूरा होने के बाद भी नलों से एक बूंद पानी नहीं आ रहा। करोड़ों खर्च करने के बाद भी गांव के हालात जस के तस बने हुए है।

जानकारी के अनुसार दर्जनों गांव में पानी की समस्या उत्पन्न होने का प्रमुख कारण धान की दोहरी ल फसल का बोना है।

छिपा के किसान डोमन लिल्हारे ने बताया कि 1 किलो धान को तैयार करने के लिए औसत 7000 लीटर पानी की आवश्यकता होती है। वही बरसात में 1 किलो धान को 3000 लीटर पानी की आवश्यकता होती है। बरसात के दिनों में मिट्टी में नमी होने से पानी की कम जरूरत पड़ती है।

गर्मी के दिनों में 2 गुना से अधिक पानी लगता है, जबकि सामान्यत 1000 लीटर पानी चार सदस्यों वाले परिवार में तीन दिन उपयोग किया जा सकता है।

---

## शहीद की प्रतिमा का अनावरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ तुमड़ीबोड़

नक्सली मुठभेड़ में शहीद आरक्षक जगतराम कंवर की प्रतिमा का अनावरण आलीखुटा में विगत दिवस किया गया है। समारोह में मेहमान बतौर उपस्थित पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने कहा कि शहीदों की यादें संजोए रखना सबका कर्तव्य है। देश की रक्षा करने वालों को कभी नहीं भुलना चाहिए। स्मारक प्रतिमा अनावरण के दौरान श्री यादव ने आगे कहा कि प्रदेश सरकार शहीदों का सम्मान करने के साथ उनके परिजनों का पूरा ख्याल रखती है। पूर्व जनपद उपाध्यक्ष मदन साहू ने स्वागत भाषण में शहीद जगतराम का जीवन परिचय प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि 3 अप्रैल 2021 को नक्सली मुठभेड मे आरक्षक जगतराम कंवर शहीद हो गए थे।

### परिजनों का सम्मान

कार्यक्रम में शहीद की धर्मपत्नी कुमारी चंद्रवंशी, माता सूराज बाई, पुत्र दुर्गेश कंवर, पुत्री किरण कंवर, संजना कंवर का सम्मान महापौर यादव ने किया। श्री यादव ने स्मारक स्थल एवं तालाब सौंदर्सीकरण कराने का आश्वासन दिया। ग्राम की प्राथमिक शाला को शहीद जगत राम कंवर के नाम कराने की दिशा में प्रयास करने की बात उन्होने कही। कार्यक्रम का संचालन ठाकुरराम चंद्रवंशी खैरा एवं वीरेंद्र तिवारी ने किया। अंत में आभार व्यक्त सरपंच बीर सिंग चंद्रवंशी ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव, जनपद सदस्य सरिता साहू, बिनाधर वर्मा, भुनेश्वरी साहू, खेमलाल चंद्रवंशी, प्रभादास वैष्णव, रेशूलाल सिन्हा, बिसोहाराम साहू, भोलाराम चंद्रवंशी, सोबंश साहू, पूरन साहू, ननेश्वर पटेल, रेखलाल पटेल, चंद्रभान सिंह, केवल चंद्रवंशी, नरेश कंवर सहित अन्य उपस्थित थे।

## प्रवेश परीक्षा में सफल बच्चों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

■ ब्लाक के 13 बच्चे नवोदय प्रवेश परीक्षा में सफल



एनआईसीसी छुईखदान गंडई ने नवोदय विद्यालय की कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए चयनित बच्चों का सम्मान समारोह पूर्वक किया। समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी लालजी त्रिवेदी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी रमेन्द्र डड़सेना, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी गिरेंद्र सुधाकर, बीआरसी दुष्यंत शर्मा, दुर्जनराम जंघेल शामिल हुए। विकासखंड के 13 बच्चों का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में प्रवेश के लिए हुआ है।

चयनित बच्चों में से 6 निशुल्क कोचिंग क्लास के हैं। चयनित बच्चों में समीर जंघेल, जानवी साहु, पूर्वी वर्मा, छाया वर्मा, पुष्पेन्द्र निर्मलकर, टामेन्द्र साहू, साहिल जंघेल, भाग्यश्री, वोकेश्वरी पटेल, श्रेया टांडेकर, हेमकरण बारले, भूपेन्द्र कुमार एवं चांदनी मंडावी सामिल है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए अच्छे से पढ़ाई करने की सलाह दी। सभी बच्चों को निःशुल्क कोचिंग क्लास की ओर से मोमेंटो, प्रमाण पत्र एवं मैडल भेंट कर उत्साहवर्धन किया गया। आधार अभिभाषण कौशल सिंह राजपूत ने देते हुए बताया कि कोचिंग क्लास विगत 2 वर्षों से संचालित है जिसके माध्यम से प्रयास विद्यालय, नवोदय विद्यालय सहित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराया जा रहा है। वर्तमान में प्रयास विद्यालय की कक्षा संचालित की जा रही है। अंत में आभार प्रदर्शन भदेरा संकुल समन्वयक राजूदास मानिकपुरी ने किया। इस मौके पर दोधेश्वर चंदेल, राघवेंद्र वर्मा, संजीव ध्रुव, कुंभलाल जंघेल, महेश वर्मा, मायाराम राठौर मिश्रा, राजेश श्रीवास्तव, भागचंद साहू, उज्जवल नामदेव, खेमलाल जंघेल, पन्नालाल जंघेल, चैतराम वर्मा, रामदुलार मंडावी, टेमन प्रधान, दिग्विजयदास वैष्णव, मुकेश साहू,आदि उपस्थित थे।

## राम नवमी पर बाइक रैली आज

**गंडई पंडरिया।** राम नवमीं के मौके पर हिन्दू युवा मंच ने बाइक रैली का आयोजन किया है। बाईक रैली शाम 4 बजे राम मंदिर पंडरिया से आरंभ होगी। बाइक रैली को आकर्षक बनाने भगवा वस्त्र के साथ हाथों में भगवा झंडे लिए हिन्दू युवा मंच के सदस्य एवं आमजन बड़ी संख्या में शामिल होंगे। कार्यक्रम को व्यापक बनाने बैठक का आयोजन कर रूपरेखा तैयार किया गया है। बाईक रैली राम मंदिर पंडरिया से निकल कर विभिन्न मार्गों से होते हुए अधिकतर धार्मिक स्थलों पर जाएगी और पूजा अर्चना करते आगे बढ़ेगी।

### जीएम ने किया दर्शन

**डोंगरगढ़।** दक्षिण पूर्व सेंट्रल रेल्वे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश, मीनाक्षी तरुण प्रकाश, तन्मय ने बम्लेश्वरी देवी की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनिल गट्टानी, ट्रस्टी, मैनेजर ने उनकी अगुवानी की। इस दौरान डीआरएम श्री गुप्ता, सीनियर डीसीएम दीलिपकुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय

श्री श्रेयन आयुर्वेद

Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564

वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment

उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# जैम से खरीदी में भी बुना गया नपा में भ्रष्टाचार का ताना-बाना

## एक करोड़ 31 लाख में खेला की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

बीते दो तीन सालों से नगर पालिका परिषद में खरीदी, निविदा टेंडर को लेकर जिम्मेदारों द्वारा लगातार अनियमितता बरती जा रही है, लेकिन नगर का दुर्भाग्य कहिए कि शहरी सत्ता में काबिज जिम्मेदार भी इस स्थिति से उबरने कोई प्रयास नही कर रहे है। भारत सरकार के जैम पोर्टल जिसमे खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता का लक्ष्य है उसे ही निज हित स्वार्थ के लिए समयानुसार परिवर्तित करने में आमदा है।

ताजा मामला नगरपालिका में भ्रष्टाचार को लेकर बुने गए ताने बाने को प्रमाणित करता है जिसमें तत्कालीन सीएमओ प्रमोद शुक्ला के कार्यकाल के दौरान 15 वें वित्त की राशि में बड़े गोल माल का प्रयास किया गया था हालांकि बात बनी नहीं और तत्कालीन सीएमओ ने नियम के परे जाकर टेंडर निरस्त कर दिया जबकि नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा 26 जुलाई 24 को जारी प्रस्तावो के कार्ययोजना मे स्पष्ट रूप से कंडिका पांच में कहा गया है कि सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन बाद ही कार्य का निष्पादन किया जाना है, लेकिन अपने ही विभाग के नियमों को दरकिनार कर सीएमओ ने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर निविदा/ क्रय समिति और पीआईसी से दर अनुमोदन लिए बिना कार्य आदेश जारी करने के बाद टेंडर को निरस्त कर दिया जबकि मामले में केवल पीआईसी को उक्त निविदा को निरस्त करने का अधिकार था। वर्क आर्डर जारी करने के बाद लाभ न होता देख सीएमओ ने आनन फानन में टेंडर निरस्त कर दिया और फर्म को ब्लैक लिस्टेड भी नहीं किया।

### निविदा राशि से समझिए भ्रष्टाचार का गणित

उक्त सातों कामों में किस तरह से भ्रष्टाचार का ताना बाना बुना गया था इसके लिए निविदा के गणित को समझना होगा। यह पहले तय किया गया था कि कार्य उक्त फर्म को ही दिया जाना है। 1 नग स्काई लिफ्ट का लागत मूल्य 35 लाख था फर्म ने निविदा राशि 34 लाख 98 हजार 750 रूपया भरा मतलब लागत मूल्य और निविदा राशि के बीच 1250 रूपये का अंतर था लेकिन 2 नग मिनी टिप्पर के लिए लागत राशि और निविदा मूल्य दोनों 19 लाख था। इसी तरह 2 नग हाईड्रोलिक ट्रॉली के लिए भी लागत राशि व निविदा राशि दोनों 6 लाख रूपये थी। 20 नग मैनुअल रिक्शा की लागत राशि 10 लाख के विरुद्ध निविदा राशि मात्र 6 हजार रूपए के अंतर 9 लाख 94 हजार डाला गया। 40 नग हाथ ठेला के लागत मूल्य 4 लाख के विरुद्ध निविदा मूल्य 6 हजार कम 3 लाख 94 हजार भरा गया। इसी तरह 150 नग स्टील ट्विनबीन के लागत मूल्य 29 लाख 70 हजार के विरुद्ध निविदा राशि 29 लाख 51 हजार 250 रूपए और 8 नग ई रिक्शा के लागत 28 लाख के विरुद्ध निविदा राशि 27 लाख 81 हजार 600 रूपये मतलब क्रमशः 18 हजार 750 व 18 हजार 400 रूपयो के अंतर के साथ राशि भरी गई। लागत व निविदा राशि के अंतर से ही खरीदी से पहले सीएमओ और कार्य एजेंसी सहित बॉयर द्वारा बिठाए गए सामंजस्य को आसानी से समझा जा सकता है।




### बिना पीआईसी के अनुमोदन निरस्त कर दी निविदा

नगरीय प्रशासन विभाग ने 26 जुलाई को एक करोड़ 31 लाख रूपयों की भारी भरकम लागत से पंद्रहवें वित्त अंतर्गत टाइट फंड से नियम शर्तो के तहत सात सामग्री खरीदने स्वीकृति दी। 19 और 21 सितंबर 2024 को नपा ने 1 नग स्काई लिफ्ट, 2 नग मिनी टिप्पर,2 नग हाईड्रोलिक ट्रॉली, 20 नग मैन्यूअल रिक्शा, 40 नग हाथ ठेला,150 नग स्टील टवीन बीन व 08 नग ई रिक्शा खरीदी के लिए अलग अलग निविदा जारी किया। 19 अगस्त को विनोद इंटरप्राइजेस दुर्ग के नाम से दो और 10 अक्टूबर को विनील इंटरप्राइजेस दुर्ग के नाम सामाग्री आपूर्ति करने कार्य आदेश भी जारी हो गया, लेकिन बाद मे सीएमओ ने निविदा निरस्त कर दिया और इसका कारण समय सीमा में सामग्री आपूर्ति नहीं करना बताया गया। इस स्थिति में नियमानुसार फर्म को ब्लैक लिस्टेड किया जाना था, लेकिन ऐसा आज दिनांक तक नही किया गया और पता चला है कि 26 व 27 मार्च 25 को दुबारा बिड प्रकाशित किया गया जिसमे पूर्व में जारी नियम व शर्तो को ऐसा तोड़ा मरोड़ा गया है कि इन नियमों के चलते छोटे व्यापारी इस प्रक्रिया मे शामिल नही हो सकते। जानकारों का मानना है कि व्यक्ति विशेष फर्म को काम देने के लिए नियम व शर्तों में बदलाव किया गया है।

### वेंडर सिस्टम से पूरी की गई प्रक्रिया

आमतौर पर जैम पोर्टल में खरीदी की कारवाई नगर पालिका के कंप्यूटर सिस्टम से करने का नियम और प्रावधान है, लेकिन सूत्रों की मानें तो उक्त निविदा प्रक्रिया नपा के कंप्यूटर सिस्टम से न कर ठेकेदार या वेंडर के कंप्यूटर या लैपटॉप से किया गया जिससे प्रक्रिया की गोपनीयता पर ही सवाल खड़ा हो गया हैं। बॉयर सक्षम उप अभियंता जिसके पास बिड संबंधी प्रक्रिया संपादित करने आईडी पासवर्ड होता है उसकी जिम्मेदारी बनती है कि सारे कार्य नियमानुसार हो लेकिन इस मामले मे ऐसा नही हुआ है। आईपी एड्रेस का लोकेशन ट्रेस करने पर ही इसका खुलासा हो सकता है। नगर पालिका ने बिड का प्रकाशन यूएडी वेबसाइट में नहीं किया वही बिड वेंडर से ईएमडी राशि जमा कराने का प्रावधान ही नहीं किया गया।

### लिपिकीय त्रुटि का दे रहे हवाला

प्रकरण को लेकर नपा सीएमओ नरेश वर्मा का कहना है कि उक्त टेंडर लिपिकीय त्रुटि के कारण तत्कालीन सीएमओ ने टेंडर को वर्क आर्डर जारी होने के बाद निरस्त किया गया था जबकि आनलाईन प्रक्रिया में लिपिकीय त्रुटि की गुंजाइश ही नही होती। सारे काम बॉयर और वेंडर के बीच आनलाईन संपादित होता है इसलिए सीएमओ का यह कहना कि लिपिकीय त्रुटि के वजह से निविदा निरस्त कर नए सिरे से निविदा आमंत्रित की जा रही है समझ से परे है। उनका कहना कि कार्यआदेश तत्कालीन सीएमओ ने निरस्त कर दिया था तो पीआईसी की बैठक में उक्त प्रकरण को ले जाने का अधिकार मुझे नहीं था इस से नया टेंडर जारी किया गया है इस जवाब पर भी सवाल यह है कि जब तत्कालीन ने निरस्त किया तो संबंध मे उन्होंने विभाग के उच्चाधिकारियों से मार्गदर्शन क्यो नही लिया और किस आधार पर पुराने नियम शर्तो की जगह छोटे व्यापारियों को दूर करने जारी निविदा में नया नियम शर्त थोपा गया। वही यह भी पता चला है कि पीआईसी से उक्त बिड के निरस्ती का अनुमोदन कराए बिना सीएमओ व उप अभियंता द्वारा बिड 26 व 27 मार्च 25 को जारी किया गया है जो कही ना कही से उनकी सांठगॉंठ को प्रमाणित कर रहा है। सूत्रों की माने तो नए बिड को जारी करने से पहले भाजपा नेता के रेस्टारेंट में किसे काम देना है नही देना है यह सीएमओ, इंजीनियर व अध्यक्ष पार्षद पतियो सहित पुराने वेंडरो ने बैठक कर पहले ही तय कर लिया है और दस्तावेजी कारवाई पूरी करने के लिए बिड प्रकाशन की औपचारिकता निभाई जा रही है।

# राम मंदिर से निकलेगी भव्य शोभायात्रा आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

रामनवमी के अवसर पर टिकरापारा वार्ड के प्राचीन श्री राम मंदिर में विविध आयोजन होंगा। देर शाम विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के संयोजन में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जो नगर के प्रमुख चौंक चौराहों से होकर किल्लापारा स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में समाप्त होगी।



■ रामनवमी के अवसर पर होंगे विविध आयोजन

राम नवमी के अवसर पर प्राचीन श्री राम मंदिर में भी दिन टिकरापारा वासी व श्री राम मंदिर बर्फीनी धाम ट्रस्ट समिति सदस्यों के संयोजन में रामधुनी व हवन पूजन का कार्यक्रम होगा। जिसके बाद देर शाम महाआरती के बाद शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें भगवान श्री राम, माता सीता और लक्ष्मण बग्घी में सवार होकर नगर भ्रमण करेंगें। संगठन के प्रखंड अध्यक्ष राजीव चंद्राकर ने बताया कि प्रभु श्री राम सामजिक समरसता के प्रतीक थे। इसे चरितार्थ करते हुए समस्त समाज प्रमुखो, सेवा समितियों सहित अन्य सांगठनों को शोभायात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित गया है।

### जीवंत झांकी होगी आकर्षण का केंद्र

शोभायात्रा को और भव्य रूप देते हुए इस वर्ष पंथी नृत्य, राउत नाचा, और जीवंत झांकी को भी शामिल किया गया है। जिसमें बड़ी संख्या में लोक कलाकार शामिल होंगें। गौरतलब है कि टिकरापारा वार्ड का श्री राम मंदिर लगभग 300 वर्षों से अधिक समय से है। पुराने दस्तावेजों में मंदिर राजपरिवार की सदस्य सुरैया बाई या गौरी बाई के आराध्य के रूप में दर्ज रहा है। प्रतिमाएं भी काले पत्थर से बनाई गई हैं। मंदिर के इतिहास को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से बीते कुछ वर्षों से राम नवमी के अवसर पर शोभायात्रा प्राचीन श्री राम मंदिर से निकाली जा रही है।

# महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव की तैयारी पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

सकल जैन श्री संघ ने भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव को लेकर वृहद स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है। शुक्रवार 4 अप्रैल को महावीर चौके से प्रभात फेरी निकली जो अहिंसा परेमा धर्म का संदेश और भजन कीर्तन साथ अमलीपारा के श्रीराम गौशाला पहॅुची जहॉ गौधन की सेवा कर उनको गुड़ चना खिलाया गया। शनिवार 5 को प्रभात फेरी दाऊचौरा, रविवार 6 को रूक्खड़ स्वामी मंदिर गौशाला लालपुर में पहुंची।

सोमवार 7 को सिविल लाईन, मंगलवार 8 को मनोहर गौशाला धरमपुरा, बुधवार 9 को शासकीय अस्पताल, गुरूवार को गोल बाजार और शुक्रवार 11 को महावीर चौक से प्रभात फेरी समता भवन तुरकारी पारा पहुंचेगी जहां पूरे दिन समाज द्वारा धर्म कर्म को लेकर विविध आयोजन किया जाएगा।

सकल जैन श्री संघ अध्यक्ष नरेंद्र बोथरा ने बताया कि जनम कल्याणक महोत्सव के दौरान चार दिनों तक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगा जिसमें सोमवार 7 को कुशल पैलेस मे जिन धर्म की महिमा, मंगलवार 8 को वर्तमान मे वर्धमान की आवश्यकता विषय पर परिचर्चा, बुधवार 9 को विश्व नवकार दिवस सहित संयम पथ के साधकों का अभिनंदन किया जाएगा। गुरूवार 10 को प्रभु भक्ति व पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

### गूंजेगा अहिंसा परमो धर्म का नारा

अध्यक्ष नरेंद्र बोथरा ने बताया कि जन्म कल्याणक महोत्सव के महत्वपूर्ण तिथि गुरूवार 10 को सुबह प्रभात फेरी निकलेगी, समता युवा मंडल के संयोजन मे कुशल पैलेस मे नवकारसी, जैन यूथ क्लब के संयोजन मे भगवान महावीर की भव्य शोभा यात्रा निकलेगी। पाश्र्वनाथ महिला मंडल, सुधर्म महिला मंडल, समरथ महिला मंडल, महावीर मित्र मंडल व यूथ क्लब द्वारा स्वामी वात्सल्य बाद दोपहर दो बजे के बाद स्वाध्याय, सामायिक व आराधना का काय्रक्रम होगा। शाम चार बजे भारतीय जैन संघटना के संयोजन मे खेल खेल मे सीखे जैन धर्म स्पर्धा होगी। सूर्यास्त पूर्व स्वामी वात्सलय बाद प्रभु भक्ति व पुरसकार वितरण का कार्यक्रम होगा। उन्होने बताया कि महोत्सव को लेकर सभी को कार्यक्रम के संचारू संपादन संचालन के लिए विभागवार जिम्मेदारिया दी गई है। भगवान महावीर के जन्म जयंती के दिन सभी की व्यावासायिक प्रतिष्ठाने पूरी तरह से बंद रहेगी।


# बाजार अतरिया में दुकालू की प्रस्तुति ने मचाई धूम



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

श्री नथेला मंदिर समिति व क्षेत्रवासियों के सहयोग से ब्लाक के बाजार अतरिया स्थित नथेला मंदिर परिसर में आयोजित चैत्र नवरात्रि जगराता कार्यक्रम इस बार नई भव्यता के साथ हुआ। हर साल की तरह इस बार भी यहां श्रद्धालु अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए पहुंचे थे, लेकिन इस बार खास आकर्षण का केंद्र जस सम्राट दुकालू यादव का प्रस्तुति रही। उनके भक्ति गीतों पर लोग झूमते हुए नृत्य करते नजर आए।

श्रद्धालुओं और दर्शकों की भारी भीड़ थी जिससे मंदिर परिसर खचाखच भरा हुआ था। पिछड़ा वर्ग आयोग उपाध्यक्ष और दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कार्यक्रम की सराहना की वही जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने दो लाख की लगात से परिसर मे टीन शेड की घोषणा की। इस दौरान पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू, सरपंच बिमला वर्मा, सहकारी समिति अध्यक्ष हरप्रसाद वर्मा, जिपं सदस्य जमुना नरेश कुर्रे, जनपद सदस्य दीक्षा पूर्णचंद गुप्ता, भाजयुमो अध्यक्ष आयश सिंह बोनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष केशव चंदेल, मंडल अध्यक्ष देवकुमार सेन, उपसरपंच उत्तम वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे। जस सम्राट दुकालू यादव की प्रस्तुति के दौरान हर कोई भक्ति के रंग में रंगा संगीत पर झूमते नजर आए हुए।



## सार समाचार

### प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ अभियान जारी

**राजनांदगांव।** सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने नगर निगम की टीम अभियान चलाकर प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रय एवं उपयोग करने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को नगर



निगम का स्वास्थ्य अमला पुराना बस स्टैंड एवं कैलाश नगर क्षेत्र में अभियान चलाकर 10 दुकानों व ठेला खोमचा पर कार्रवाई कर 10 पैकेट डिस्पोजल गिलास एवं 1 किलो पालीथिन जब्त कर 3 हजार रुपए जुर्माना वसूला गया। उल्लेखनीय है कि पर्यावरण संरक्षण एवं प्रत्येक व्यक्ति व पशु-पक्षियों को प्लास्टिक के नुकसान से बचाने शासन द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध करने कड़ा रूख अपना रही है। शासन के मंशानुरूप नगर निगम भी अभियान चलाकर प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रय एवं उपयोग के विरूद्ध कार्रवाई कर रही है। कार्रवाई की कड़ी में पुराना बस स्टैंड व कैलाश नगर के आरके मार्केटिंग के अलावा प्राविजन स्टोर्स तथा फल व पान ठेला एवं गन्ना रस ठेला में दबिश देकर 10 लोगों पर 3 हजार रुपए जुर्माना लगाकर एक किलो पालीथिन तथा 16 पैकेट डिस्पोजल गिलास जब्त किया। जब्ती की कड़ी में 15 रीम डिस्पोजल गिलास, चम्मच तथा 4 बोरी पानी पाउच भी जब्त किया गया। उक्त अभियान प्रतिदिन जारी रहेगी।

### छात्र-छात्राओं ने किया सृजन में अवलोकन दौरा

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के समाज कार्य विभाग के द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा अपने सिलेबस के पंचम प्रश्न पत्र के अंशपूर्ति के लिए सृजन सामाजिक संस्था में अवलोकन दौरा किया।



एमएसडब्लू के छात्र-छात्राओं के विजिट के दौरान सृजन सामाजिक संस्था के अध्यक्ष और बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य शरद श्रीवास्तव ने डेवलपमेंट सेक्टर के विभिन्न पहलुओं को विस्तार से समझाया। श्री श्रीवास्तव द्वारा संस्थागत कार्यों जैसे समुदाय के साथ कार्य, प्रशिक्षण, प्रस्तुतीकरण आदि पर विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। इस अवसर पर सॉफ्ट स्किल विषय अंतर्गत विकास, सहजकर्ता, संचार और डर जैसे विषयों पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंतिम सत्र में प्रश्नोत्तरी आयोजित कर छात्र-छात्राओं के विभिन्न सवालों के जवाब शरद श्रीवास्तव द्वारा दिए गए। इस अवसर पर संस्था से महेश साहू, सुनीता यादव, आरती शांडिल्य और रेणुका साहू उपस्थित थे।

### दाऊ मंदराजी की स्मृति में कार्यक्रम आयोजित

**राजनांदगांव।** ग्राम रवेली में छत्तीसगढ़ी लोककला मंच के पुरोधा दाऊ मंदराजी की स्मृति में इस वर्ष भी 01 अप्रैल को छत्तीसगढ़ी लोककला एवं संस्कृति के संवर्धन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव समेत कोमल सिंह राजपूत, सौरभ कोठारी, रविंद्र वैष्णव, देवकुमारी साहू, प्रतिमा चंद्राकर, मनोज साहू, बलेश्वर साव, भूपेंद्र यादव, पंडवानी गायिका तरुणा साहू एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल थे। छत्तीसगढ़ कला एवं माटी तथा संस्कृति के संवर्धन के लिए कार्यक्रम में धरोहर संचालक महादेव हिरवानी का कार्यक्रम संपन्न हुआ। छत्तीसगढ़ लोक गायक पं. विवेक शर्मा एवं छत्तीसगढ़ लोक गायिका कंचन जोशी ने अपना हुनर तथा कला का प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ लोकमंच जय मां शीतला छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी ने भी छत्तीसगढ़ी कला का प्रदर्शन करते लोगों को अपनी संस्कृति से जुड़े रहने का आह्वान किया।

### अपने मन जीतने वाला ही बलवान होता है : शास्त्री

**राजनांदगांव।** गायत्री शक्तिपीठ में माहेश्वरी समाज द्वारा आयोजित श्रीमद् देवी भागवत कथा के छठवें दिन शास्त्री ईश्वरचंद व्यास ने कहा कि जो अपने मन को जीत लेता है, वही बलवान होता है। सभी व्यक्ति काम, क्रोध, मद, लोभ से घिरे हुए हैं और इसको जीतने के लिए हमें अपने मन



को जीतना होगा। उन्होंने कहा कि जो चीज अनायास मिलती है, वह अनायास ही चली जाती है। जीवन हमें अनायास मिला है और यह अनायास ही चला जाएगा। धन हमें अनायास मिलता है और यह अनायास ही चला जाता है, इसलिए अनायास मिली चीज का सदुपयोग करना चाहिए। माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष पवन डागा ने बताया कि कथा के सप्तम दिवस कल 5 अप्रैल को अपरान्ह 03 से शाम 6.30 बजे तक शास्त्री ईश्वरचंद व्यास द्वारा पांच प्रकृति की कथा सुनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि अष्टम दिवस 6 अप्रैल को कथा सुबह होगी तथा पूर्वान्ह 11 बजे पूर्णाहूति एवं महाप्रसादी का आयोजन किया गया है। सात अप्रैल को अपरान्ह 03 बजे गायत्री शक्तिपीठ से विसर्जन यात्रा निकलेगी।

### अवैध शराब पर कांग्रेस को बोलने का अधिकार नहीं

**राजनांदगांव।** भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष द्वारा पत्रकारवार्ता में दिए गए बयान पर कहा कि कांग्रेस शराब की अवैध बॉटलिंग के क्रियाकलापों में भाजपा नेताओं की



संलिप्तता बताकर अपनी खींज निकाल रही है। भाजपा मीडिया सेल के अनुसार श्री राजपूत ने कहा कि शराब से अवैध कमाई करने वाले 2000 करोड़ से अधिक का शराब घोटाला करने वाले लोग जब इस तरह के आरोप भाजपा पर लगाते हैं, तो यह सुपा बोले तो बोले चलनी बोल रही है की कहावत कुछ चरितार्थ कर रही है। श्री राजपूत ने कहा कि पूरा देश जानता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार अपना तीसरा कार्यकाल राष्ट्र की राजनीति और विकास पथ में परिवर्तन के एक नए युग की शुरूआत कर रही है। एक राष्ट्र एक चुनाव विधेयक, वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक, आयकर छूट की सीमा को 12 लाख रुपए बढ़ाना, एक राष्ट्र एक सब्सक्रिप्शन जैसे बड़े निर्णय राजनीति एवं सामाजिक गतिशीलता को बदलने की क्षमता रखते हैं।

### महापौर से मिले सामाजिक पदाधिकारी

**राजनांदगांव।** नगर कोसरिया यादव समाज राजनांदगांव के पदाधिकारीगण एवं सदस्यों ने महापौर मधुसूदन यादव से उनके निगम कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान महापौर को भगवान श्रीकृष्ण का पट्टा



पहनाकर व शाल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। संगठन प्रभारी भोला यादव ने बताया कि नगर कोसरिया यादव समाज का एक भी भवन नहीं है। साथ ही समाज के भवन निर्माण के लिए 20 लाख रुपए के लिए आवेदन दिया गया। महापौर द्वारा भवन निर्माण से संबंधित समस्या का निराकरण जल्द से जल्द करने का आश्वासन दिया गया। इस पर समाज द्वारा महापौर मधुसूदन यादव को धन्यवाद दिया गया।

# सेवा पखवाड़े के रूप में स्थापना दिवस मनाएगी भाजपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारतीय जनता पार्टी अपने स्थापना दिवस को खास बनाने की तैयारी में जुट चुकी है। भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने बताया कि 6 अप्रैल को स्थापना दिवस एवं 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई जानी है। इसके लिए प्रदेशभर में भाजपा कार्यकर्ता अलग-अलग दिन विभिन्न टास्क के जरिये स्थापना दिवस को विशेष बनाएंगे।

भाजपा मीडिया सेल के अनुसार पहले दिन 6 अप्रैल को सभी भाजपा का कार्यकर्ता अपने प्रतिष्ठान एवं घरों में झंडा फहराएंगे और उसकी सेल्फी भाजपा विकसित भारत के हैश टैग के साथ पोस्ट करेंगे। वहीं 7 से 14 अप्रैल के मध्य स्थापना दिवस के सभी कार्यक्रमों में भाजपा के विभिन्न मोर्चा, प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता भी शामिल होंगे।

## विभिन्न टास्क के जरिये स्थापना दिवस को बनाएंगे विशेष, भाजपा जुटी स्थापना दिवस की तैयारी में

### चलाया जाएगा सफाई अभियान

भाजपा के जिला महामंत्री सौरभ कोठारी ने बताय कि स्थापना दिवस कार्यक्रम के तहत सभी कार्यकर्ता कम से कम 8 घंटे देने के संकल्प के साथ मंदिर, अस्पताल, स्कूल, कॉलेज, गलियों के साथ सार्वजनिक स्थल में स्वच्छता अभियान के तहत सफाई अभियान चलाएंगे। आंगनवाड़ी, स्कूल, पशु चिकित्सालय और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व पंचायत कार्यालयों में भी सफाई की जाएगी। आयोजन के तहत केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं के 10-10 लाभार्थियों से भेंट-मुलाकात की जाएगी। इसके अलावा विभिन्न समुदाय के प्रमुख/अध्यक्षों से मुलाकात करने के साथ-साथ बूथ समितियां की बैठक आयोजित की जाएगी।



### संयोजकों से अपील



सभी मंडल के संयोजकों एवं सह-संयोजकों से अपील की है कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी की स्थापना दिवस पर 7 से 14 अप्रैल तक सभी कार्यक्रम जनहित एवं जागरूकता के लिए आयोजित किए जाएं।

**- संतोष अग्रवाल,** जिला संयोजक

### गांव चलो-बस्ती चलो अभियान

भाजपा के वरिष्ठ नेता संतोष अग्रवाल ने बताया कि भाजपा 6 व 7 अप्रैल को बूथ स्तर पर आयोजन करेगी। 8 एवं 9 अप्रैल को विधानसभा स्तर पर स्थापना दिवस को लेकर आयोजन किए जाएंगे। इसमें सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता वक्ता के रूप में विभिन्न विषय रखेंगे। इसके लिए मंडल और विधानसभा में इस आयोजन के प्रभारी भी नियुक्त किए जा चुके है। 7 से 12 अप्रैल के बीच गांव-बस्ती चलो अभियान के तहत सभी जनप्रतिनिधि लोगों से मिलेंगे।

## शौचालय मरम्मत कार्य करें शीघ्र पूर्ण

# डामरीकरण का काम अटका ठेकेदारों को जारी होगा नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा तकनीकी अधिकारियों की बैठक लेकर निर्माण कार्यों की समीक्षा कर कहा कि डामरीकरण व पेंचवर्क के बंद कार्य जल्द चालू कराएं तथा शौचालय मरम्मत के शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करें एवं वार्डों में चल रहे कार्य में तेजी लाकर समय-सीमा में पूर्ण कराने कहा।

बैठक में आयुक्त विश्वकर्मा ने कहा कि सभी निर्माण कार्य जिनकी निविदा हो चुकी है, उसे तत्काल प्रारंभ कराएं तथा वार्डों में चल रहे निर्माण कार्य में तेजी लाकर समय-सीमा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने डामरीकरण एवं पेंचवर्क कार्य की जानकारी लेकर कहा कि डामरीकरण के शेष कार्य जल्द चालू कराएं, इसके लिए ठेकेदारों को निर्देशित करें, कार्य चालू नहीं करने पर नोटिस जारी करें। उन्होंने वार्डवार निर्माण कार्यों की जानकारी लेकर कहा कि जिन ठेकेदारों द्वारा अधूरे कार्य किए गए हैं और जिनके द्वारा कार्यादेश उपरांत कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, उनसे बात कर काम चालू कराएं, नहीं करने की स्थिति में नोटिस जारी करें। उन्होंने कहा कि प्रगतिरत कार्यों की चरणबद्ध बिलिंग करें, उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्माण कार्य में पानी तराई का विशेष ध्यान रखने कहा, इस संबंध में ठेकेदारों को निर्देशित करें।



### समय-सीमा में पूरा हो निर्माण

आयुक्त ने अधिकारियो से कहा कि योजना संबंधी एवं अन्य निर्माण कार्य को प्राथमिकता तय कर चालू कराएं, चालू कार्य समय-सीमा में पूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। गुणवत्ताहीन कार्य पर संबंधित ठेकेदार को चेतावनी देकर अनुबंध शर्तों के अनुरूप कार्य कराएं। बैठक में कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके, संजय वर्मा व दीपक खांडे, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, प्र.सहायक अभियंता गरिमा वर्मा व वसीम खान सहित उप अभियंतागण उपस्थित थे।

### मरम्मत के कामों की समीक्षा

आयुक्त ने सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालय मरम्मत कार्य की उप अभियंताओं से प्रगति की जानकारी लेकर कहा कि अधूरे शौचालय मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण करें। प्रतिदिन मानिटरिंग कर चालू कार्य में प्रगति लाकर समय-सीमा में पूर्ण कराएं। उन्होंने आकांक्षीय शौचालय योजनांतर्गत पेंड्री और पुष्पवाटिका में बन रहे शौचालय की प्रगति की जानकारी लेकर कार्य में तेजी लाने व जल्द पूर्ण कराने कहा। इसी प्रकार उन्होंने गोल बाजार में निर्माणाधीन हाईटेक शौचालय निर्माण भी समय-सीमा में पूर्ण कराने कहा, ताकि इसका लाभ क्षेत्रवासियों को मिल सके।

# चलती ट्रेन से कूदा युवक का एक पैर कटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

4 अप्रैल को रात 1.10 बजे डोंगरगढ़ से दुर्ग मेला स्पेशल ट्रेन से दुर्ग निवासी विशाल पटेल 17 वर्ष का चलती ट्रेन से



कूदने से बायां पैर कट गया। प्राप्त जानकारी अनुसार रात्रि 01 बजे के दौरान दुर्ग की ओर जाने वाली डोंगरगढ़ दुर्ग मेला स्पेशल ट्रेन में डोंगरगढ़ से दुर्ग के लिए रवाना हुई, तभी डोंगरगढ़ एस्टन यार्ड साइड पर चलती ट्रेन से विशाल पटेल कूद गया। जिसके चलते उसका बांया पैर कट गया। घटना की जानकारी रेलवे ड्यूटी में तैनात मेडिकल और सिविल डिफेंस टीम को मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचकर घायल पैर कटे व्यक्ति को प्राथमिक उपचार देकर उसे स्ट्रेचर से रनिंग रूम तक लाकर एम्बुलेंस से डोंगरगढ़ अस्पताल पहुंचाया है।

### पहुंचाया गया अस्पताल

घटनास्थल पर मेडिकल टीम से डॉ. तेजा एवं अन्य 2 मेडिकल कर्मचारी और सिविल डिफेंस के सिडीआय राजेश वाघाडे व देवेन्द्र बी. उईके, स्वयंसेवक रमेश भाडांरकर, पप्पू वाघाडे, सुशांत कुमार मौजूद थे। मेडिकल और सहयोगी सिविल डिफेंस टीम ने घायल व्यक्ति को प्राथमिक उपचार दिया और डोंगरगढ़ अस्पताल पहुंचाया, बहुत ही सराहनीय कार्य कार्य किया है। रेलवे के सिविल डिफेंस सीआरपीएफ पुलिस बल के तत्परता एवं सहयोग से उक्त जख्मी व्यक्ति को समय पर अस्पताल पहुंचाया गया।

# भैंस चोर हुए गिरफ्तार, तीन भैंस बरामद

**राजनांदगांव।** बीते 30 मार्च को बसंतपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पांच भैंसों की चोरी मामले में पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्रार्थी राजू यादव पिता रामचंद यादव 50 साल निवासी गोकुल नगर ने बसंतपुर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 30 मार्च को वह अपने घर से मवेशियों को चराने के लिए लखोली की ओर ले गया था। शाम लगभग 5.30 बजे अपने सभी गाय, भैंस को चराकर बायपास होते हुए वह गोकुल नगर की ओर आ रहा था, तभी बायपास के पास सभी गाय और भैंस को छोड़कर अपने घर चला आया। घर पहुंचने के बाद लगभग शाम 7 बजे तक 3 गाय व 2 भैंस घर वापस आ गए, लेकिन 5 भैंस वापस नहीं आने पर भैंस का पता तलाश किया। जिसका कोई पता नहीं चला। 2 दिन तक वह अपने भैंस की तलाश करता रहा।

### पुलिस ने बनाई टीम

बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू के नेतृत्व में भैंस चोरी के आरोपियों की तलाश के लिए टीम गठित की गई और आरोपी नरेन्द्र कुमार यदु पिता मंशाराम यदु 24 साल निवासी कुंआ चौक नंदई, कुलेश्वर यदु पिता रामअवतार 26 साल निवासी कन्हारपुरी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया।

### तस्करी के वाहन जब्त

बसंतपुर पुलिस ने आरोपी नरेन्द्र यदु के कब्जे से पिकअप वाहन क्रमांक सीजी-06-जीजे-4506 एवं पिकअप वाहन क्रमांक सीजी-04-एमएफ-2413 एवं भैंस का बिक्री रकम 25000 रुपए को जब्त किया गया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय की अभिरक्षा में पेश किया गया है।

### आरोपियों को हिरासत में लेकर की पूछताछ

पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपी नरेन्द्र और कुलेश्वर ने अपना जुर्म करना स्वीकार किया और चोरी किए गए 5 नग भैंस को पिकअप वाहन क्रमांक सीजी-06-जीजे-4506 एवं पिकअप वाहन क्रमांक सीजी-04-एमएफ- 2413 में भरकर डोंगरगढ़ में मंगेश पटेल पिता नंदकिशोर पटेल 25 निवासी टिकरापारा के पास बिक्री करना बताया। पुलिस ने आरोपी मंगेश पटेल को भी हिरासत में लेकर पूछताछ किया और उसके कब्जे से 3 नग भैंस बरामद किया गया।

# दर्जनभर वाहन सर्विसिंग सेंटरों में दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्रीष्म ऋतु में निगम सीमा क्षेत्र के सभी वार्डों में पर्याप्त पेयजल सप्लाई के लिए नगर निगम के जल विभाग की टीम व्यर्थ बहने वाले नल बंद करने एवं पानी का दुरूपयोग करते पाए जाने पर नल काटने की कार्रवाई कर रही है। कार्रवाई की कड़ी में टीम ने निगम सीमाक्षेत्र में संचालित 12 गाड़ी सर्विसिंग सेंटरों में दबिश देकर नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई की।

उल्लेखनीय है कि ग्रीष्म ऋतु में मोहारा शिवनाथ नदी में जल स्तर कम होने के कारण पेयजल सप्लाई में कठिनाई होने पर महापौर मधुसूदन यादव के निर्देश पर दो दिन में तीन बार पानी सप्लाई की जा रही है, ताकि गर्मी के दिनों में नागरिकों को पर्याप्त पानी मिल सके। पानी के सुचारू सप्लाई के लिए महापौर यादव मोहारा नदी, जल संयंत्र गृह के अलावा वार्डों में भी जाकर पानी का हाल जान रहे हैं। वहीं नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा भी वार्ड तथा प्लांट का अवलोकन कर सुचारू पेयजल सप्लाई के लिए हरसंभव प्रयास करने अधिकारियों को निर्देशित कर रहे हैं।



### नलों में टोटी लगाने की अपील

आयुक्त विश्वकर्मा ने व्यवसायियों एवं नागरिकों से अपील की है कि ग्रीष्म ऋतु में जल स्तर कम होने को ध्यान में रखकर पानी का अपव्यय न करें, अनावश्यक बहते पानी को रोके, नलों में टोटी लगाएं, ताकि सभी को पर्याप्त पानी मिल सके। सबके सहयोग से ही जल संकट से आसानी से निपटा जा सकता है।

### हैंडपंप और कुंआ का करें उपयोग

आयुक्त विश्वकर्मा ने बताया कि पानी की किल्लत को ध्यान में रखकर शहर में निरीक्षण कर अनावश्यक बहते नल बंद करने तथा पानी का दुरूपयोग रोकने गाड़ी सर्विसिंग सेंटरों को नल के पानी का उपयोग पीने के लिए करने तथा सर्विसिंग के लिए हैंडपंप या कुंआ का उपयोग करने समझाईस दी गई है। समझाईस उपरांत भी नहीं मानने पर आज जल विभाग की टीम ने शहर के वाहन सर्विसिंग सेंटर एवं आटो पार्टस में लगे नल की जांच कर नल के पानी से गाड़ी सर्विसिंग करते पाए जाने पर 12 सेंटरों का नल काटने की कार्रवाई की।

# कर्म-धर्म का फल स्वर्ग : धामेश्वरी देवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव





जगद्गुरु श्री कृपालु महाराज की प्रमुख प्रचारिका धामेश्वरी देवी द्वारा स्टेट हाईस्कूल मैदान राजनांदगांव में चल रही 15 दिवसीय आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला के 12वें दिवस देवीजी ने वेद और शास्त्रों के प्रमाणों सहित बताया कि विश्व का प्रत्येक प्राणी केवल आनंद ही चाहता है और वास्तविक आनंद की प्राप्ति हेतु योजना एवं अभ्यास में निरंतर लगा रहता है। जबकि वह आनंद केवल भगवान की कृपा से ही प्राप्त किया जा सकता है। भगवद्कृपा की शर्त है हरि को सर्वसमर्पण। सर्वसमर्पण करके कोई भी जीव भगवद्कृपा का लाभ ले सकता है। इसके लिए मन से संसार से वैराग्य और भगवान में अनुराग करना होगा। संसार में सुख नहीं है और यदि कहीं दिखाई पड़ता है तो वह अनित्य एवं सीमित है। जबकि वास्तविक आनंद असीमित, नित्य एवं प्रशिक्षण बढ़ता जाता है।

वेदों में तीन मार्ग बताए गए हैं। जिसमें कर्म, ज्ञान एवं भक्ति। इसके अलावा और मार्ग दिखाई पड़ते हैं, वे इन तीनों में से किसी के अंतर्गत ही हैं। कर्म मार्ग का विश्लेषण करते देवीजी ने बताया कि वेदों में कर्मकांड का वर्णन मिलता है।

पूजा पाठ, यज्ञादि, लेकिन वेदों में कर्मकांड की घोर निंदा की है, कारण बताया कि कर्म-धर्म के ठीक-ठाक पालन से अधिक से अधिक स्वर्ग की प्राप्ति होती है और स्वर्ग, क्षणभंगुर व माइक है और पुण्य समाप्त होने पर जीव को 84 लाख बंधन की प्राप्ति होती है अर्थात कर्म-धर्म से भगवद्प्राप्ति नहीं होती, न ही माया निवृत्ति होती है। वैसे भी कलयुग में कर्म-धर्म का ठीक-ठाक पालन करना असंभव सा है, क्योंकि यज्ञ में कड़े-कड़े नियम है। जैसे यज्ञ का सही स्थान, सही समय, सही तरीके से कमाया धन, वेद मंत्रों का ठीक-ठाक उच्चारण आदि यदि इसमें त्रुटि हुई तो यजमान का नाश हो जाता है। यदि कोई वेदों के नियम अनुसार ठीक-ठीक पालन कर भी ले तो अधिक से अधिक स्वर्ग मिलेगा। यदि किसी कर्म-धर्म के पालन से प्रभु में प्रेम नहीं बढ़ता तो वह कर्म-धर्म निंदनीय है। भक्ति रहित किसी भी साधन से प्रेमानंद या भागवदप्रेम नहीं प्राप्त कर सकते। प्रवचन का समापन युगल सरकार श्रीराधा कृष्ण भगवान की आरती के साथ हुआ। इस दिव्य प्रवचन श्रृंखला का आयोजन 8 अप्रैल तक शाम 7 से 9 बजे तक होगा।

# माइक संचालनकर्ता युवक ने लगाई फांसी

**मोहला।** अंबागढ़ चौकी विकासखंड के प्रसिद्ध दर्शन स्थल आमागढ़ देवी मंदिर में नवरात्रि के अवसर पर माइक संचालन कर रहे कातुलवाही निवासी युवक ने आज दोपहर को मोंगरा बैराज तट पर स्थित जंगल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। परिवार जवान लड़के की मौत को चुन लेने से दुख में है। देर शाम तक पोस्टमार्टम कर अंबागढ़ चौकी पुलिस ने शव परिवारजनों को सुपुर्द कर मौत की जांच में जुट गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नवरात्रि के अवसर पर जिले के प्रसिद्ध आमागढ़ दर्शनीय मंदिर में साउंड सिस्टम का संचालन कर रहे 23 वर्षीय देवेंद्र पटेल पिता खेमलाल पटेल निवासी कातुलवाही आज दोपहर 12 के लगभग घर से मंदिर जाने के नाम पर निकला। जिसका शव मोंगरा बैराज तट पर जंगल किनारे मसिया माझ पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटनास्थल से युवक की जेब से साइलेंट मोबाइल बरामद करने के साथ-साथ पुलिस मामले की जांच कर रही है। इधर जवान लड़के की मौत से पूरा परिवार गमगीन है। वहीं मंदिर समिति भी आज अष्टमी के दिन मौत की खबर पर दुख में है। मामले में थाना प्रभारी अश्वनी राठौर ने कहा कि युवक की मौत के मामले में विस्तृत जांच की जा रही है।

# भाजपा का स्थापना दिवस को लेकर बैठक आयोजित



**डोंगरगढ़।** भाजपा के स्थापना दिवस एवं अन्य संगठनात्मक विषयों के संबंध में 4 अप्रैल को नवीन विश्राम गृह में शहर मंडल भाजपा की बैठक आहूत की गई। बैठक में प्रदेश महामंत्री रामजी भारती, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, सुनील जैन, प्रदीप बाघ, रामकृष्ण कनौजिया, तुलसी मिश्रा, मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोआना, अमित जैन, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, लक्ष्मी यादव, सुषमा कोठारी, वत्सला श्रीवास्तव, अनीता इंदुलकर, ज्योति बड़वाईक, मीना यादव, गीता मानिकपुरी, पार्षद शारदा यादव, रेखा राघोरते, बबिता साहू, शिवांगी साखरे, हरीश मोटघरे, सुमित ताम्रकर, देवेंद्र साखरे, सत्यप्रकाश मिश्रा, विजेंद्रसिंह ठाकुर, नागेन्द्रसिंह परिहार, विनय बंसल, विनीत यादव, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुमित मिश्रा, परविंदर सिंह भाटिया, मोनू भंडारी, मधुसूदन अग्रवाल, मनोज गुप्ता, सरफराज सरफु, कैलाश सोनवानी, अलका सहारे, आकाशसिंह राजपूत, लोकेश इंदुलकर, भागवत नामदेव, ललित शर्मा, कमलेश उजवाने, शुभम परिहार, आवेश निगम, मुकुंद कंडरा, प्रकाश साहू, मयंक डोंगरे, चितरंजन साहू, ओम प्रकाश साखरे, ऋषभ लारोकर आदि शामिल हुए।

# जल संरक्षण के लिए किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

■ मिशन जल रक्षा में जुड़ रहे ग्रामीण, जनभागीदारी के साथ करेंगे जल संचय

कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जल संकट की स्थिति को ध्यान में रखते विकासखंड छुरिया के ग्राम पंचायत मासूल में प्रशासन तथा ग्रामीणों ने श्रमदान कर जल संरक्षण हेतु प्रभावशाली कदम उठाया है। ग्राम मासूल अंतर्गत नाले पर मासूल-बुचाटोला मार्ग के नाले पर कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं जिला पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह, ग्रामवासियों, सरपंच, पंच, स्वच्छता दीदी, हरियाली दीदी एवं जनपद पंचायत के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सामूहिक रूप से श्रमदान कर नाला में बोरी बंधान किया गया। जिससे भविष्य में वर्षा जल नाले में एकत्रित होगा तथा भू-जल स्तर में वृद्धि होगी। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत मासूल-बुचाटोला जनसहयोग से नाले में बोरी बंधान कार्य करने वाला पहला पंचायत है। इसी तर्ज पर जिलेभर में इसी तरह से नालों में जनसहयोग से नाला बंधान कार्य किया जाएगा।



## जल यात्रा के माध्यम से फैलाई जा रही जागरुकता

पद्मश्री फुलबासन यादव की पहल से गांव-गांव में जल संरक्षण को लेकर मां बम्लेश्वरी फाउंडेशन से जुड़ी दीदीयों ने बिहान की दीदीयों और हरियाली दीदियों द्वारा जल यात्रा निकली जा रही है। जल यात्रा के माध्यम से लोगों में जल संरक्षण हेतु जागरूकता फैलाई जा रही है। मासूल तथा बुचाटोला में जल यात्रा का कार्यक्रम आयोजन किया गया, जिसे कलेक्टर तथा जिला पंचायत सीईओ द्वारा भ्रमण के लिए रवाना किया गया। इस अभियान का उद्देश्य आने वाले समय में जल संकट से निपटने पानी की हर एक बूंद को संजोना और आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। जल के संग्रहण से भूजल स्तर को बढ़ावा मिलेगा तथा कृषि एवं पेयजल की आवश्यकता की पूर्ति में सहयोग मिलेगा। ग्रामवासियों ने इस पहल में उत्साहपूर्वक श्रमदान किया और जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का संकल्प लिया।

इस अभियान के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि जल ही जीवन है और इसका संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है। यह प्रयास अन्य ग्राम पंचायतों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगा। इस अवसर पर जनपद सीईओ होरीलाल साहू, एसडीओ गिरधर लारिया, एडीईओ हुमेश भंडारी, कार्यक्रम अधिकारी मोहित पटौती, सरपंच, पंच सहित जनपद पंचायत के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# पोल्ट्री ब्रीडर्स एसोसिएशन अध्यक्ष ने की केंद्रीय राज्यमंत्री से मुलाकात

संक्रमण से निपटने टीकाकरण की रखी मांग

**राजनांदगांव।** ऑल इंडिया पोल्ट्री ब्रीडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं आईबी ग्रुप के एमडी बहादुर अली ने नई दिल्ली में केंद्रीय पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन राज्यमंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल से मुलाकात कर देश के विभिन्न इलाकों में फैल रहे एवियन इन्फ्लूएंजा के मामले की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस संक्रमण से पोल्ट्री किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस मामले में उन्होंने टीकाकरण की अनुमति देने की मांग भी रखी। बहादुर अली ने बताया कि देश के पोल्ट्री फार्मर्स बायो-सिक्योरिटी प्रोटोकॉल का पूर्ण पालन कर रहे हैं, फिर भी एवियन इन्फ्लूएंजा के फैलाव पर नियंत्रण पाना मुश्किल साबित हो रहा है। उन्होंने केंद्रीय राज्य मंत्री से आग्रह किया कि पोल्ट्री सेक्टर को इस संकट से बचाने हेतु हाईली पैथोजेनिक एवियन इन्फ्लूएंजा के खिलाफ टीकाकरण की अनुमति दी जाए।




### केंद्रीय राज्य मंत्री लेंगे बैठक

आल इंडिया पोल्ट्री ब्रीडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष बहादुर अली के आग्रह पर केंद्रीय राज्यमंत्री एसपी बघेल ने इस समस्या के समाधान के लिए शीघ्र ही बैठक आहूत करने के निर्देश अफसरों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि मंत्रालय में सभी प्रमुख पोल्ट्री हितधारकों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक आहूत की जाएगी। जिसमें टीकाकरण सहित दीर्घकालिक समाधान की रणनीति तैयार की जाएगी।

# रामनवमी पर आज व्याख्यान

**राजनांदगांव।** संस्कारधानी में नवरात्रि के नौ दिनों के अनवरत सेवा प्रकल्प मां बम्लेश्वरी देवी पदयात्री सेवा पंडाल का विराम रामनवमी की संध्या को राजनांदगांव रत्न सम्मान हिन्दू सनातन शिक्षा संस्कार के व्याख्यान व महाप्रसादी के साथ विराम होगा। उक्त जानकारी देते आयोजन समिति के संयोजक पंकज गुप्ता, राजेश शर्मा, राकेश ठाकुर, सूरज गुप्ता, सौरभ खंडेलवाल, अध्यक्ष भावेश अग्रवाल व महिला अध्यक्ष मधु खंडेलवाल ने बताया कि श्री बागेश्वर धाम मंदिर परिसर में पदयात्रियों को सर्वसुविधायुक्त पंडाल में अनवरत सेवा देकर प्रतिदिन संध्या महाआरती के साथ सेवा प्रकल्प को विराम दिया जाएगा। वर्षों से सक्रिय रहे सत्यनारायण मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष अशोक लोहिया को राजनांदगांव रत्न का सम्मान प्रदान किया जा रहा है। यह सम्मान संध्या 6.30 बजे श्री बागेश्वर धाम मंदिर उत्सव भवन में प्रदान किया जाएगा। इसके पूर्व संध्या 5 से 6 बजे तकअधिवक्ता अमलेन्दु हाजरा द्वारा हिन्दू सनातन शिक्षा व सनातन क्या है, उस पर शिक्षा प्राख्यान दिया जाएगा। 6 बजे धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। 6.30 बजे अशोक लोहिया को राजनांदगांव रत्न सम्मान प्रदान किया जाएगा।

## हरदी में आज रामायण व जस झांकी कार्यक्रम

**हरदी।** शिवनाथ वार्ड 51 हरदी में कल 6 अप्रैल को आदर्श श्री रामचरित मानस परिवार एवं समस्त वार्डवासियों के सहयोग से श्रीराम जन्मोत्सव का आयोजन मंदिर प्रांगण में रखा गया है। आरती, हवन-पूजन सुबह 10 एवं शाम 5 से रामायण कार्यक्रम ग्राम उसरीबोड़ तथा जस झांकी ग्राम कलसा भिलाई वाले का कार्यक्रम बाजार चौक हरदी में रखा गया है। उक्त जानकारी छबिल सोनकर, भोज साहू, रूपलाल साहू व बेनकुमार साहू ने दी।


























ज़िंदगी का बेस्ट डिसिज़न!
JOHN DEERE
इस चैत्र नवरात्रि
श्री राम नवमी
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
के उपलक्ष्य में ले जायें
अपना मनपसंद जॉन डियर ट्रेक्टर
दो कदम आगे
GearPro विस्तृत गती श्रेणी
उच्च बैक अप टॉर्क
LiftPro अधिक लिफ्ट क्षमता
PowerTech
5310 57HP
42.7kW
GearPro
TremIV
सस्ता नहीं अच्छा लो
वंदना ट्राली के अधिकृत विक्रेता।
जॉन डियर के सभी कृषि उपकरण उपलब्ध।
जॉनसन थ्रेशर एवं नीरज सीड ड्रिल उपलब्ध।
LiftPro
GearPro
PowerTech
DualTorque
PowerReverser
अधिकृत विक्रेता - जैन मोटर्स स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़
ब्रांचः- रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर्स के बाजू में, राजनांदगांव 98279 53976 । अंबागढ़ चौकी 8103024569 । चिचोला । गण्डई
संपर्क 9977184777, 8120006476, 9406011166 । सर्विसः- 8120006480, 8120001601

हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 6 अप्रैल 2025



## आज शाम 7.22 बजे तक रामनवमी का पर्व, मंदिरों में होगी विशेष पूजा-अर्चना



**राजनांदगांव।** नवरात्र पर्व की समाप्ति एवं रामनवमी दोनों ही पर्व का उत्साह आज एक साथ देखने को मिलने वाला है। नवमीं पर आज जहां देवी मंदिरों में ज्योत विसर्जन एवं भंडारे का दौर देखने को मिलेगा। वहीं राम मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना प्रभु श्रीराम की होगी। ज्ञात हो कि रामनवमी की तिथि आज शाम 7.22 बजे तक ही है। ऐसे में अधिकांश मंदिरों में इससे पहले ही रामनवमी के कार्यक्रम कर लिए जाएंगे। उल्लेखनीय है हिंदू पंचांग अनुसार भगवान राम का जन्म चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को हुआ था, इसलिए हर साल चैत्र माह की नवमीं तिथि को रामनवमी मनाई जाती है। इस बार नवमी तिथि 5 अप्रैल को शाम 7 बजकर 26 मिनट पर शुरू होगी और तिथि का समापन 6 अप्रैल को शाम 7 बजकर 22 मिनट पर होगा।

**निकलेगी शोभायात्रा**

रामनवमी को लेकर जहां आज जिलेभर में राम मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। वहीं कल सात अप्रैल को शहर में विश्व हिंदू परिषद एवं अन्य हिंदू संगठनों द्वारा एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरेगी।

## महाअष्टमी पर देवी मंदिरों में हवन, आज ज्योत विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चैत्र नवरात्र पर्व के तहत शनिवार को महाअष्टमी मनाया गया। इस मौके पर घर सहित देवी मंदिरों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर हवन किया गया। कन्याओं को भोजन ग्रहण कराकर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। दिनभर मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। जय माता के जयकारों की गूंज रही।

शक्ति की देवी मां दुर्गा की आराधना कर चैत्र नवरात्र पर अंचल में श्रद्धा भक्ति का माहौल है। नवरात्र के पहले ही दिन से देवी मंदिरों में भक्तों की सुबह से देर शाम तक भीड़ उमड़ रही है। लोग विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने में जुटे रहे। इस मौके पर मंदिर सहित घरों में भी आस्था के ज्योत प्रज्ज्वलित किए गए एवं जंवारा स्थापित किया गया।

मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ सहित अंचल के देवी मंदिरों में दूर-दूर से भक्तों का आगमन बना रहा। शहर के देवी मंदिरों में शीतला मंदिर सोनारपारा, मां पाताल भैरवी मंदिर, कालीमाई मंदिर बस स्टैंड, कालीमाई मंदिर ब्राम्हणपारा, दुर्गा मंदिर किलापारा, महामाया मंदिर, मां भानेश्वरी मंदिर, काली मंदिर बापूटोला सहित अन्य देवी मंदिरों में भक्तों की उपस्थिति रही।



### महाप्रसादी भंडारा का आयोजन

महाअष्टमी के अवसर पर देवी मंदिरों सहित घरों में विधि-विधान के साथ हवन-पूजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। हवन पश्चात शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में कई स्थानों पर भंडारा महाप्रसादी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर कन्याओं को भोजन प्रसादी ग्रहण कराकर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। घर एवं मंदिरों में माता के जयकारों के साथ ही जसगीतों की गूंज रही।

### जसगीतों की गूंज के साथ होगा जंवारा विसर्जन

कल श्रीराम नवमी के अवसर पर सुबह से ही मंदिरों में रखे जंवारा का जसगीतों के साथ शोभायात्रा निकालकर विधि-विधान से विसर्जन किया जाएगा। दिनभर जंवारा विसर्जन का सिलसिला रहेगा। इस मौके पर तालाबों में बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रहेगी। खासकर शहर के मां शीतला मंदिर प्रांगण में सुबह से देर रात तक भक्तों की उपस्थिति रहेगी। बूढ़ासागर एवं रानीसागर तालाब में श्रद्धा-भक्ति के साथ जंवारा विसर्जन किया जाएगा।

## नवरात्रि विशेष



### नवमीः सिद्धिदात्री

नवम नवरात्रि को देवी माता के मंडपों में सिद्धिदात्री देवी की आराधना होती है। सिद्धिदात्री मां दुर्गा का नौवां स्वरूप है। माता की यह शक्ति सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली है। मार्कडेय पुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, गरिमा, लांघना, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व यह आठ सिद्धियां है। ब्रह्मवैवर्तपुराण के श्रीकृष्ण जन्म खंड में यह संख्या अठारह बताई गई है। सिद्धिदात्री को ही जगत को चलाने वाली देवी कहा गया है। देवी पुराण के अनुसार महादेव ने इनकी कृपा से ही सिद्धियां प्राप्त की थी। इन्हीं की कृपा से सदाशिव का आधा शरीर देवी का हुआ है। यह भी कथा है कि मधु-कैटभ के वध के लिए महादेवी ने महामाया फैलाई और उसके अनेक रूप हो गए। भ्रमित दानवों ने पूछा कि देवी जब तुम अकेली हो तो इतनी सारी शक्तियां कौन है, तब देवी ने कहा कि सब मेरी शक्तियां हैं। मुझसे अलग कुछ नहीं है। इतना कहते देवी ने तमाम शक्तियां समेट ली और केवल सिद्धिदात्री मां ही रह गई। ऐसे ही समुद्र मंथन के समय सिद्धिदात्री देवी ने ही असुरों को भ्रम में डाला था। सिद्धिदात्री मां कमला ही धन-धान्य की प्रतीक है। मां सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली है। कमल पुष्प इनका आसन है। देवी के दाहिने तरफ के नीचे वाले हाथ में चंद्र, उपर वाले हाथ में गदा और बांई तरफ के नीचे वाले हाथ में शंख और उपर वाले हाथ में कमल पुष्प है। जगत का कल्याण करने वाली यह देवी नवरात्रि की अधिष्ठात्री भी है। सिद्धिदात्री मां के भक्तों की लौकिक-पारलौकिक सभी प्रकार की कामनाएं पूर्ण होती है। सिद्धिदात्री माता का आराधना का मंत्र है-
सिद्धगंधर्वयक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।

## गृहमंत्री के क्षेत्र में ऐसी है स्थिति तो प्रदेश में कैसे होंगे हालातः बैज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने डोंगरगढ़ के करवारी में अवैध शराब बॉटलिंग के मामले को लेकर प्रदेश सरकार को घेरा और कां ग्रे स कमेटी द्वारा प्रदेशभर में इस मामले को लेकर प्रदर्शन किए जाने की बात कही।

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज आज डोंगरगढ़ स्थित मां बमलेश्वरी के दर्शन के लिए पहुंचे। उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते कहा कि मां बम्लेश्वरी की नगरी डोंगरगढ़ में अवैध शराब बॉटलिंग प्लांट को लेकर दीपक बैज ने कहा कि गृहमंत्री के प्रभार जिले में उनके संरक्षण में अवैध शराब बिक रही है। उन्होंने कहा कि यह लोग कांग्रेस सरकार पर नकली होलोग्राम से शराब बेचने का आरोप लगाते थे, लेकिन मां बम्लेश्वरी की नगरी में सरकार के संरक्षण में इतना बड़ा कर्मकांड नकली होलोग्राम से शराब बेचने का चल रहा था, तो पूरे प्रदेश के क्या हालात होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नकली शराब बिक रही है। सरकार नकली शराब और होलोग्राम से लोगों को लूटने का काम कर रही है।

### प्रदेश में होगा विरोध

अवैध शराब की बॉटलिंग प्लांट जिले के डोंगरगढ़ क्षेत्र में चल रहा था। यहां कांग्रेस की विधायक है। वहीं जिले में कांग्रेस के तीन विधायक होने के बाद भी इस अवैध शराब के मामले को लेकर कांग्रेस का कड़ा प्रदर्शन कहीं भी सड़क पर देखने नहीं मिला। जिसको लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि इस मामले में चर्चा करेंगे। पूरे प्रदेश में इसका विरोध होगा।

### जांच कमेटी का गठन

पुलिस कस्टडी में दुर्गेंद्र सोनकर की मौत के मामले को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि इस पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जांच कमेटी बनाई है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में पांच से अधिक मौतें पुलिस की कस्टडी में हुई है।

## जोंधरा में गायत्री महायज्ञ व प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन 9 से

**डोंगरगांव।** युग निर्माण योजना के तहत अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में ग्राम जोंधरा में 9 अप्रैल से पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा रखा गया है। इस दौरान विभिन्न संस्कार निःशुल्क संपन्न किए जाएंगे। श्रीराम प्रज्ञा मंडल के तत्वावधान एवं ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित महायज्ञ का शुभारंभ 9 अप्रैल को 12 बजे मंगल कलश यात्रा से होगा। अपरान्ह 4 से 6 बजे तक देव स्थापना एवं पूजन होगा। दूसरे, तीसरे और चौथे दिन सुबह 8 बजे से पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, 10 बजे से 1.30 तक तथा अपरान्ह 3 से 5 बजेतक प्रज्ञा पुराण कथा, शाम को व्याख्यान, दीपयज्ञ होगा। अंतिम दिन 13 अप्रैल को गायत्री महायज्ञ, विभिन्न संस्कार, महापूर्णाहूति, देव बिदाई, वरिष्ठों का सम्मान तथा टोली बिदाई होगी।

## द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर में 10 से प्राण प्रतिष्ठा

**डोंगरगांव।** मटिया वार्ड 14 के द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर में आगामी 10 से 14 अप्रैल तक प्राण प्रतिष्ठा समारोह एवं रामायण महोत्सव आयोजित किया गया है। यहां श्रीगणेश एवं पंचमुखी हनुमान की स्थापना होगी। मंदिर संचालन समिति के अध्यक्ष पुरुषोत्तम साहू ने बताया कि प्राणप्रतिष्ठा समारोह के मुख्य आचार्य पं शशांक शर्मा के मुताबिक 10 अप्रैल को गणपति पूजन, शोभायात्रा, वेदीपुजन, जलाधिवास, 11 को वेदीपूजन, अन्नाधिवास, 12 को वेदीपूजन, पुष्पाधिवास, फलाधिवास, 13 को वेदीपूजन, वस्त्राधिवास, सैय्याधिवास तथा 14 अप्रैल को मंगल स्नान, प्राणप्रतिष्ठा, रुद्राभिषेक, हवन एवं महाप्रसादी वितरण होगा।

## मिलचाल राम मंदिर में राम जन्मोत्सव आज



**राजनांदगांव।** बीएनसी मिलचाल स्थित श्री मानस राम मंदिर में भगवान श्री रामचंद्र जी का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। श्री मानस राम मंदिर के पं. संदीप ठाकुर ने बताया कि कल 6 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से भगवान श्री रामचंद्र का जन्म उत्सव मनाया जाएगा। जिसमें शहारवासी उपस्थित होकर भगवान रामचन्द्र जन्मोत्सव में शामिल होकर पुष्य लाभ प्राप्त कर सकते हैं। भगवान के जन्मोत्सव बाद आरती का आयोजन होगा। तत्पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा।






## खबर संक्षेप

### मां महामाया मंदिर में महाअष्टमी पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़



**हरिभूमि कोलेगांव।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में मां दुर्गा, मां महामाया, मां शीतला, मां काली की शक्ति के भक्ति में लीन व चैत्र नवरात्र पर्व के महाअष्टमी में देवी-मंदिरों मे श्रद्धालुओं तथा भक्तजनों की भारी भीड़ उमड़ी। वहीं महाअष्टमी पर देवी-मंदिरों में विधि विधान से पूजा-अर्चना कर हवन-पूजा किया गया। जिसमें ग्राम कोलेगांव स्थित मां महामाया मंदिर साथ ही साथ आसपास के क्षेत्र ग्राम धनेली, भगतपुर, कंझेटा, मोहतरा कला, बसनी, कुण्डा व दामापुर क्षेत्रांतर्गत चैत्र नवरात्रि पर मां महामाया, मां शीतला मंदिर में ग्रामीणों द्वारा मनोकामना ज्योति-जोत-ज्वारा कलश प्रज्जवलित किए गए। वहीं महाअष्टमी पर ग्रामीणों व भक्तजनो की भारी भीड़ तथा देवी-मंदिरों में दर्शन व पूजा-अर्चना तथा हवन किया गया तत्पश्चात मंदिर समितियों द्वारा नौ कन्याओं को कन्या भोजन कराया गया साथ ही साथ प्रसादी भण्डारा का आयोजन किया गया।

### शिक्षकों ने क्रमोन्नत वेतनमान के लिए आवेदन जमा किए

**हरिभूमि कवर्धा।** एक ही पद पर 10 वर्ष पूर्ण कर चुके शिक्षक एलबी संवर्ग के कर्मचारी सोना साहू क्रमोन्नत वेतनमान सुप्रीम कोर्ट में राज्य सरकार के एलपीसी खारिज होने के बाद से अपने आहरण संवितरण अधिकारी को आवेदन दे रहे है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन अध्यक्ष रमेश चंद्रवंशी के मार्ग निर्देशन पर एक ही पद पर 10 वर्ष पूर्ण करने वाले शिक्षकगण एलवीना विलसन, कपूर चंद्रवंशी, रामसिंह साहू, सुरतिया राम साहू, श्याम चंद्रवंशी, नरेश साहू, संतोष जांगड़े, राजेंद्र निर्मलकर, भागवत कौशिक, रोहित चंद्रवंशी, राहुल ठाकुर, कौशल चंद्रवंशी आदि ने जिला पंचायत, जिला शिक्षा अधिकारी, जनपद पंचायत और विकासखंड शिक्षा अधिकारी को क्रमोन्नत वेतनमान और एरियर्स के लिए आवेदन सौंपा गया।

**समस्या:** पेयजल की समस्या से जुझ रहे ग्रामीण

# बोर खनन कर हैंडपंप लगाना भूले जिम्मेदार, ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या ना हो इसके लिए ग्राम कंझेटा बाजार चौक एवं मोहतरा कला में जिम्मेदारों व जनप्रतिनिधियों द्वारा बोर खनन किया गया। लेकिन बोर खनन के 4 माह बाद भी आज पर्यन्त तक हैंडपंप नहीं लगाने के कारण ग्रामीणों व रहवासियों को पेयजल के लिए भारी दिक्कतो व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र में पीने के पानी उपलब्ध हो सकें इसके लिए शासन प्रशासन द्वारा सरकारी हैंडपंप के लिए बोर खनन किया गया लेकिन विभागीय अधिकारी हैंडपंप लगाना भूल गए जिससे ग्रामीण जन योजना के लाभ से वंचित व पेयजल के लिए भारी दिक्कतो व मसक्कत करनी पड़ रही है।

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कंझेटा व मोहतरा कला में हैंडपंप तथा पानी की समस्या से निजात पाने के लिए उनकी परेशानियों को देखते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा जनप्रतिधियों ने बोर खनन कराया, लेकिन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा बोर खनन के महीनों बीत जाने बाद हैंडपंप नहीं लगाया। जिससे ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए मोहल्लेवासियों को भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन प्रशासन व संबंधित विभाग के जिम्मेदारों को बोर खनन में हैंडपंप फिटिंग करवाने का मांग किया गया ताकि ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से राहत व सुविधा मिल सके।



#### विभागीय अधिकारियों की अनदेखी

ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा उक्त बोर का खनन कराया गया था, लेकिन 4-5 महीने बीत जाने के बाद भी किसी जिम्मेदारों ने हैंडपंप नहीं लगाया। बोर खनन के साथ ही हैंडपंप फिटिंग करने की जिम्मेदारी एवं जवाबदेही विभागीय अधिकारियों की है, लेकिन विभागीय अधिकारियो की भारी अनदेखी व लापरवाही का खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।

## सुतीयापाठ में वासंतिय नवरात्रि में जले 883 मनोकामना ज्योत



▪ दूर दराज क्षेत्र के भक्तजन मनोकामना कलश प्रज्ज्वलित कराया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ स/लोहारा

सूतीयापाठ एवं कर्रानाला बांध के मध्य ऊंचे पहाड़ के ऊपर सुतीयापाठ की गुफा में विराजमान हिंगलाज माता मंदिर परिसर में भक्तों द्वारा दूर दराज क्षेत्र से मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित कराए जाते हैं। इस वर्ष चैत्र नवरात्र में 883 मनोकामना ज्योत प्रज्जवलित किए गए हैं। सुतीयापाठ की पहाड़ी पर दोनों पर्व में हजारों श्रद्धालु व भक्तजन ऊंची पहाड़ी पर विराजमान माता के स्वरुप का नाम ब्रम्हलीन द्वय पिठाधीश्वर द्वारका शारदा एवं ज्योतिष पिठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरुपानन्द सरस्वती महाराज ने ग्रामीणों एवं समिति वालों के अनुरोध पर बताया था कि इन माता का नाम हिंगलाज माता है, जिनका दूसरा स्वरुप पाकिस्तान में विराजमान है, जो सती से जुड़ा हुआ है। जगद्गुरु शंकराचार्य 2014 कवर्धा चातुर्मास्य पश्चात सिमोलंघन में सुतियापाठ पधारे थे और रात्रिकाल में दुर्गम पहाड़ी पर स्थित विराजमान हिंगलाज माता के गुफा तक जाकर माता का दर्शन किए थे।

## भाजपा स्थापना दिवस को लेकर कुण्डा मण्डल में बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

भाजपा के स्थापना दिवस एवं डॉ अंबेडकर जयंती को लेकर बैठक प्रभारी जिला मंत्री सुरेश दुबे ने भाजपा मण्डल कुण्डा की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रदेश भाजपा के आदेशानुसार एवं जिला भाजपा राजेंद्र चंद्रवंशी के निर्देशानुसार मण्डल अध्यक्ष कुण्डा बालमुकुंद चंद्रवंशी के मार्ग दर्शन में बैठक प्रभारी सुरेश दुबे के अध्यक्षता में जिला मंत्री ओमयदु, पूर्व मण्डल अध्यक्ष मुकेश ठाकुर, प्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य महेंद्र धृतलहरे, प्रतिनिधि जनपद सदस्य माखन चंद्रवंशी के गरिमामय उपस्थिति में बैठक आहूत किया गया। बैठक में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रभारी श्री दुबे ने जानकारी देते हुए कहा की बैठक की मुख्य एजेंडा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार की तीसरी कार्यकाल राष्ट्र की राजनीति और विकास पथ में परिवर्तन के नए युग की शुरुआत को घर-घर पहुंचाना साथ ही साथ उन्होंने कहा आगामी 6 अप्रैल को पार्टी की स्थापना दिवस और 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती को बड़े स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मनाने की दिशा निर्देश दिए। श्री दुबे ने कहा 6 अप्रैल पार्टी स्थापना दिवस पर सभी पार्टी कार्यालयों एवं कार्यकर्ताओं के घरों पर पार्टी का झंडा फहराना है एवं सेल्फी लेकर उन्हें सोशल मीडिया पर हैशटैग के साथ पोस्ट करना है।

### आंगनबाड़ी केन्द्र दौजरी में पेयजल संकट

**हरिभूमि बरबसपुर।** कवर्धा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत दौजरी स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में शासन-प्रशासन द्वारा नौनिहाल बच्चों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए आंगनबाड़ी केन्द्र में हजारों-लाखों रूपए की लागत से विशाल पानी टंकी का निर्माण कराया गया, लेकिन विभागीय अधिकारियों व जिम्मेदारों की भारी अनदेखी के कारण शासन प्रशासन की योजना का लाभ से आंगनबाड़ी केन्द्र के नौनिहाल बच्चे वंचित नजर आ रहे है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार देख-देख के अभाव व जनप्रतिनिधियों की अनदेखी का खामियाजा आंगनबाड़ी नौनिहाल बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। शहर व ग्रामीण क्षेत्र में भीषण गर्मी के चलते आंगनबाडी केन्द्र परिषर में शुद्ध पेयजल की समस्या खड़ी हो गई हैं, जिससे गर्मी में नौनिहाल नन्हे-मुन्हे बच्चे परेशान तथा आंगनबाडी केन्द्र की सहायिका को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करने अधिक दूरी तय करना पड़ रहा है। जिस पर ग्रामीणों तथा पालकों द्वारा शासन प्रशासन व क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को इस ओर ध्यान देने तथा आंगनबाड़ी केन्द्र दौजरी में पेयजल व्यवस्था कराने की मांग की गई ताकि नौनिहाल बच्चों तथा सहायिका को रसोई-भोजन बनाने के लिए पेयजल उपलब्ध हो सकें।

### भाजपा सरकार पर साधा निशाना: योगेश्वर चन्द्राकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

युवा कांग्रेस कार्यकर्ता इंजीनियर योगेश्वर चंद्राकर द्वारा एक दिवसीय भिलाई दौरे में एआईसीसी सदस्य और बिहार सहप्रभारी विधायक देवेंद्र यादव से मुलाकात कर भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा भेटकर उनका सम्मान किया साथ ही साथ भिलाई विधायक बिहार सहप्रभारी और एआईआईसी सदस्य बनाए जाने पर बधाई देते कहा कि आज की युवा पीढ़ी को आगे बढ़ाने के लिए हम सभी को मिलकर संघर्ष करना होगा और हम आगे चलकर इस लड़ाई में सफल होंगे। उन्होने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि आज वर्तमान राजनीति में छत्तीसगढ़ बीजेपी दुर्भावना पूर्ण और बदले की राजनीति करने वाली भाजपा सरकार को जनता एक दिन उन्हें सबक सिखाएगी। आज बीजेपी रोजगार की बात ना कर विपक्ष के नेता जब सवाल करते हैं तो उनको डराने धमकाने की कोशिश करते हैं। छत्तीसगढ़ इकाई के वर्तमान बीजेपी सरकार सत्ता में आने से पहले छत्तीसगढ़ के युवाओं को 1 लाख से अधिक सरकारी नौकरियां देने का वादा किया था पर राज्य सरकार के लगभग 15 महीने बाद भी सरकार ने युवाओं को नौकरी नहीं दी है।



## अष्टमी पर महामाया मंदिर दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

चैत्र नवरात्र के महाअष्टमी के अवसर पर शनिवार को मक्के के हृदय स्थल में विराजित ग्राम की इष्ट देवी मां महामाया मंदिर में माता रानी का विशेष श्रृंगार किया गया। वहीं महाअष्टमी पर सुबह से ही मां महामाया मंदिर में श्रद्धालुओ दर्शन के लिए भक्तजनों की भारी भीड़ उमड़ी। मक्के के हृदय स्थल में विराजित मां महामाया मंदिर आस्था का केंद्र बना हुआ है, वहीं सिद्ध पीठ मां महामाया पर अटूट विश्वास बना हुआ हैं। मान्यता है कि कई प्रकार के रोग कष्ट यहां पूजा अर्चना करने से दूर हो जाता है। यहां चैत्र नवरात्र में ग्राम के सभी लोग व आसपास के लोगों द्वारा मनोवांछित ज्योति प्रज्जवलित कराए जाते है। वहीं मुख्य पुजारी महराज किरण शर्मा, पण्डा रतिराम साहू, ग्राम पटेल कुमार साहू की धर्मपत्नी अमरीका साहू साथ ही ग्राम के उपसरपंच नंदराम साहू कृष्ण, भोला, प्रकाश, अजय, दिनेश, अशोक, मनहरण, संतोष, प्रहलाद, चतुर, भूतपूर्व सरपंच बद्री, नंदकिशोर, विद्याचरण, झम्मन, जितेंद्र, अयोध्या, पिंटू, परमेश, सचिन, पंचलाल, सोनू, रामावतार, बलदाऊ, अनिल, जलेश, मनोज, हरी, रिंकू ने नौ कन्याओं को भोजन कराया।



### भारतीय जैन संगठना का स्वेच्छिक रक्तदान शिविर संपन्न




**हरिभूमि कवर्धा।** शहर में भगवान महावीर स्वामी के 2624 वें जन्म कल्याणक वर्ष के अवसर पर 10 दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत जैन स्थानक भवन में पूनम चंद, जमुना देवी सेठिया परिवार के सौजन्य से बुधवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर भारतीय जैन संगठना कबीरधाम द्वारा आयोजित किया गया। तीर्थंकर महावीर प्रभु के तेल चित्र पूजन के उपरांत मंचासीन अतिथि जैन श्री संघ कवर्धा उपाध्यक्ष संजय देसाई, दिलीप नाहटा, कोषाध्यक्ष संतोष श्रीश्रीमाल, वरिष्ठ मार्गदर्शक गेन्दमल मोदी, श्वेतांबर जैन मूर्ति पूजक संघ अध्यक्ष अजय टाटिया, ज्ञानगच्छ के प्रमुख प्रमोद नाहटा, आयोजक विनोद सेठिया, समाजसेवी भंवरलाल लूनिया, इंजीनियर एसएस जैन आदि का स्वागत बीजीएस के विकास सेठिया, विनीत नाहटा, अनिल लूनिया, प्रशांत मोदी, पारस श्रीश्रीमाल, अभिषेक पारख, रूपेश जैन आदि निष्ठावान कार्यकर्ताओं ने तिलक माल्यार्पण द्वारा किया गया। अपने उद्बोधन में गेंदमल मोदी, एसएस जैन ने इस शानदार पहल के लिए बीजेएस की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के सुचारू संचालन एवं मार्गदर्शक की भूमिका में स्वास्थ्य सेवा प्रोग्राम छत्तीसगढ़ के समन्वयक डॉ अतुल जैन, संभाग अध्यक्ष अमित बरडिया आदि शीर्षस्थ पदाधिकारी उपस्थित थें। अपनी उम्र के आठवें दशक की ओर अग्रसर श्रीमती पन्ना देवी नाहर का ब्लड डोनेट करना अन्य युवतियों, कुमारियों, फीमेल के लिए प्रेरणा स्रोत बना। फल स्वरुप छात्राओं, महिलाओं, मातृशक्ति की संख्या रक्तदान में दो तिहाई से अधिक रही। पुरुष वर्ग की भागीदारी करीब 30 प्रतिशत रहने का एक कारण यह भी रहा समय अधिक हो जाने से अन्य इच्छुक रक्तदाताओं को प्रतीक्षा सूची में रखा गया। एक खासियत यह भी रही की 6 विवाहित दंपतियों द्वारा अपने हमसफर के साथ इस शिविर में रक्तदान किया गया। कवर्धा की 30 किलोमीटर की परिधि में जैन साधु साध्वी की अगवानी एवं गंतव्य तक पहुंचाने का दायित्व सेवा विहार दल कवर्धा द्वारा उठाया जाता है। आजीवन पाद विहारी ये संत महापुरुष रात्रि विश्राम हेतु मार्गवर्ती ग्राम कस्बो में ठहरते हैं। ग्रामीणों द्वारा उन्हें आश्रय स्थल एवं आहार भी श्रद्धा भाव से उपलब्ध कराया जाता है। ऐसे लोहारा, उड़िया, पनेका, इंदौरी, बम्हनी, पोंड़ी, राजानवागांव, बोड़ला आदि के समीप वर्तीग्राम्य जनों का भाव भीना अभिनंदन जैन श्री संघ कवर्धा द्वारा किया गया। संचालन श्रीमती रश्मि बाफना ने किया।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



# जैम से खरीदी में भी बुना गया नपा में भ्रष्टाचार का ताना-बाना

## एक करोड़ 31 लाख में खेला की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

बीते दो तीन सालों से नगर पालिका परिषद में खरीदी, निविदा टेंडर को लेकर जिम्मेदारों द्वारा लगातार अनियमितता बरती जा रही है, लेकिन नगर का दुर्भाग्य कहिए कि शहरी सत्ता में काबिज जिम्मेदार भी इस स्थिति से उबरने कोई प्रयास नही कर रहे है। भारत सरकार के जैम पोर्टल जिसमे खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता का लक्ष्य है उसे ही निज हित स्वार्थ के लिए समयानुसार परिवर्तित करने में आमदा है।

ताजा मामला नगरपालिका में भ्रष्टाचार को लेकर बुने गए ताने बाने को प्रमाणित करता है जिसमें तत्कालीन सीएमओ प्रमोद शुक्ला के कार्यकाल के दौरान 15 वें वित्त की राशि में बड़े गोल माल का प्रयास किया गया था हालांकि बात बनी नहीं और तत्कालीन सीएमओ ने नियम के परे जाकर टेंडर निरस्त कर दिया जबकि नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा 26 जुलाई 24 को जारी प्रस्तावो के कार्ययोजना मे स्पष्ट रूप से कंडिका पांच में कहा गया है कि सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन बाद ही कार्य का निष्पादन किया जाना है, लेकिन अपने ही विभाग के नियमों को दरकिनार कर सीएमओ ने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर निविदा/ क्रय समिति और पीआईसी से दर अनुमोदन लिए बिना कार्य आदेश जारी करने के बाद टेंडर को निरस्त कर दिया जबकि मामले में केवल पीआईसी को उक्त निविदा को निरस्त करने का अधिकार था। वर्क आर्डर जारी करने के बाद लाभ न होता देख सीएमओ ने आनन फानन में टेंडर निरस्त कर दिया और फर्म को ब्लैक लिस्टेड भी नहीं किया।

### निविदा राशि से समझिए भ्रष्टाचार का गणित

उक्त सातों कामों में किस तरह से भ्रष्टाचार का ताना बाना बुना गया था इसके लिए निविदा के गणित को समझना होगा। यह पहले तय किया गया था कि कार्य उक्त फर्म को ही दिया जाना है। 1 नग स्काई लिफ्ट का लागत मूल्य 35 लाख था फर्म ने निविदा राशि 34 लाख 98 हजार 750 रूपया भरा मतलब लागत मूल्य और निविदा राशि के बीच 1250 रूपये का अंतर था लेकिन 2 नग मिनी टिप्पर के लिए लागत राशि और निविदा मूल्य दोनों 19 लाख था। इसी तरह 2 नग हाईड्रोलिक ट्रॉली के लिए भी लागत राशि व निविदा राशि दोनों 6 लाख रूपये थी। 20 नग मैनुअल रिक्शा की लागत राशि 10 लाख के विरुद्ध निविदा राशि मात्र 6 हजार रूपए के अंतर 9 लाख 94 हजार डाला गया। 40 नग हाथ ठेला के लागत मूल्य 4 लाख के विरुद्ध निविदा मूल्य 6 हजार कम 3 लाख 94 हजार भरा गया। इसी तरह 150 नग स्टील ट्विनबीन के लागत मूल्य 29 लाख 70 हजार के विरुद्ध निविदा राशि 29 लाख 51 हजार 250 रूपए और 8 नग ई रिक्शा के लागत 28 लाख के विरुद्ध निविदा राशि 27 लाख 81 हजार 600 रूपये मतलब क्रमशः 18 हजार 750 व 18 हजार 400 रूपयो के अंतर के साथ राशि भरी गई। लागत व निविदा राशि के अंतर से ही खरीदी से पहले सीएमओ और कार्य एजेंसी सहित बॉयर द्वारा बिठाए गए सामंजस्य को आसानी से समझा जा सकता है।




### बिना पीआईसी के अनुमोदन निरस्त कर दी निविदा

नगरीय प्रशासन विभाग ने 26 जुलाई को एक करोड़ 31 लाख रूपयों की भारी भरकम लागत से पंद्रहवें वित्त अंतर्गत टाइट फंड से नियम शर्तो के तहत सात सामग्री खरीदने स्वीकृति दी। 19 और 21 सितंबर 2024 को नपा ने 1 नग स्काई लिफ्ट, 2 नग मिनी टिप्पर,2 नग हाईड्रोलिक ट्रॉली, 20 नग मैन्यूअल रिक्शा, 40 नग हाथ ठेला,150 नग स्टील टवीन बीन व 08 नग ई रिक्शा खरीदी के लिए अलग अलग निविदा जारी किया। 19 अगस्त को विनोद इंटरप्राइजेस दुर्ग के नाम से दो और 10 अक्टूबर को विनील इंटरप्राइजेस दुर्ग के नाम सामाग्री आपूर्ति करने कार्य आदेश भी जारी हो गया, लेकिन बाद मे सीएमओ ने निविदा निरस्त कर दिया और इसका कारण समय सीमा में सामग्री आपूर्ति नहीं करना बताया गया। इस स्थिति में नियमानुसार फर्म को ब्लैक लिस्टेड किया जाना था, लेकिन ऐसा आज दिनांक तक नही किया गया और पता चला है कि 26 व 27 मार्च 25 को दुबारा बिड प्रकाशित किया गया जिसमे पूर्व में जारी नियम व शर्तो को ऐसा तोड़ा मरोड़ा गया है कि इन नियमों के चलते छोटे व्यापारी इस प्रक्रिया मे शामिल नही हो सकते। जानकारों का मानना है कि व्यक्ति विशेष फर्म को काम देने के लिए नियम व शर्तों में बदलाव किया गया है।

### वेंडर सिस्टम से पूरी की गई प्रक्रिया

आमतौर पर जैम पोर्टल में खरीदी की कारवाई नगर पालिका के कंप्यूटर सिस्टम से करने का नियम और प्रावधान है, लेकिन सूत्रों की मानें तो उक्त निविदा प्रक्रिया नपा के कंप्यूटर सिस्टम से न कर ठेकेदार या वेंडर के कंप्यूटर या लैपटॉप से किया गया जिससे प्रक्रिया की गोपनीयता पर ही सवाल खड़ा हो गया हैं। बॉयर सक्षम उप अभियंता जिसके पास बिड संबंधी प्रक्रिया संपादित करने आईडी पासवर्ड होता है उसकी जिम्मेदारी बनती है कि सारे कार्य नियमानुसार हो लेकिन इस मामले मे ऐसा नही हुआ है। आईपी एड्रेस का लोकेशन ट्रेस करने पर ही इसका खुलासा हो सकता है। नगर पालिका ने बिड का प्रकाशन यूएडी वेबसाइट में नहीं किया वही बिड वेंडर से ईएमडी राशि जमा कराने का प्रावधान ही नहीं किया गया।

### लिपिकीय त्रुटि का दे रहे हवाला

प्रकरण को लेकर नपा सीएमओ नरेश वर्मा का कहना है कि उक्त टेंडर लिपिकीय त्रुटि के कारण तत्कालीन सीएमओ ने टेंडर को वर्क आर्डर जारी होने के बाद निरस्त किया गया था जबकि आनलाईन प्रक्रिया में लिपिकीय त्रुटि की गुंजाइश ही नही होती। सारे काम बॉयर और वेंडर के बीच आनलाईन संपादित होता है इसलिए सीएमओ का यह कहना कि लिपिकीय त्रुटि के वजह से निविदा निरस्त कर नए सिरे से निविदा आमंत्रित की जा रही है समझ से परे है। उनका कहना कि कार्यआदेश तत्कालीन सीएमओ ने निरस्त कर दिया था तो पीआईसी की बैठक में उक्त प्रकरण को ले जाने का अधिकार मुझे नहीं था इस से नया टेंडर जारी किया गया है इस जवाब पर भी सवाल यह है कि जब तत्कालीन ने निरस्त किया तो संबंध मे उन्होंने विभाग के उच्चाधिकारियों से मार्गदर्शन क्यो नही लिया और किस आधार पर पुराने नियम शर्तो की जगह छोटे व्यापारियों को दूर करने जारी निविदा में नया नियम शर्त थोपा गया। वही यह भी पता चला है कि पीआईसी से उक्त बिड के निरस्ती का अनुमोदन कराए बिना सीएमओ व उप अभियंता द्वारा बिड 26 व 27 मार्च 25 को जारी किया गया है जो कही ना कही से उनकी सांठगॉठ को प्रमाणित कर रहा है। सूत्रों की माने तो नए बिड को जारी करने से पहले भाजपा नेता के रेस्टारेंट में किसे काम देना है नही देना है यह सीएमओ, इंजीनियर व अध्यक्ष पार्षद पतियो सहित पुराने वेंडरो ने बैठक कर पहले ही तय कर लिया है और दस्तावेजी कारवाई पूरी करने के लिए बिड प्रकाशन की औपचारिकता निभाई जा रही है।

# राम मंदिर से निकलेगी भव्य शोभायात्रा आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

रामनवमी के अवसर पर टिकरापारा वार्ड के प्राचीन श्री राम मंदिर में विविध आयोजन होंगा। देर शाम विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के संयोजन में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जो नगर के प्रमुख चौंक चौराहों से होकर किल्लापारा स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में समाप्त होगी।



■ रामनवमी के अवसर पर होंगे विविध आयोजन

राम नवमी के अवसर पर प्राचीन श्री राम मंदिर में भी दिन टिकरापारा वासी व श्री राम मंदिर बर्फीनी धाम ट्रस्ट समिति सदस्यों के संयोजन में रामधुनी व हवन पूजन का कार्यक्रम होगा। जिसके बाद देर शाम महाआरती के बाद शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें भगवान श्री राम, माता सीता और लक्ष्मण बग्घी में सवार होकर नगर भ्रमण करेंगें। संगठन के प्रखंड अध्यक्ष राजीव चंद्राकर ने बताया कि प्रभु श्री राम सामजिक समरसता के प्रतीक थे। इसे चरितार्थ करते हुए समस्त समाज प्रमुखो, सेवा समितियों सहित अन्य सांगठनों को शोभायात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित गया है।

### जीवंत झांकी होगी आकर्षण का केंद्र

शोभायात्रा को और भव्य रूप देते हुए इस वर्ष पंथी नृत्य, राउत नाचा, और जीवंत झांकी को भी शामिल किया गया है। जिसमें बड़ी संख्या में लोक कलाकार शामिल होंगें। गौरतलब है कि टिकरापारा वार्ड का श्री राम मंदिर लगभग 300 वर्षों से अधिक समय से है। पुराने दस्तावेजों में मंदिर राजपरिवार की सदस्य सुरैया बाई या गौरी बाई के आराध्य के रूप में दर्ज रहा है। प्रतिमाएं भी काले पत्थर से बनाई गई हैं। मंदिर के इतिहास को जन जन तक पहुंचाने के उद्धेश्य से बीते कुछ वर्षों से राम नवमी के अवसर पर शोभायात्रा प्राचीन श्री राम मंदिर से निकाली जा रही है।

# महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव की तैयारी पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

सकल जैन श्री संघ ने भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव को लेकर वृहद स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है। शुक्रवार 4 अप्रैल को महावीर चौके से प्रभात फेरी निकली जो अहिंसा परेमा धर्म का संदेश और भजन कीर्तन साथ अमलीपारा के श्रीराम गौशाला पहुँची जहाँ गौधन की सेवा कर उनको गुड़ चना खिलाया गया। शनिवार 5 को प्रभात फेरी दाऊचौरा, रविवार 6 को रूक्खड़ स्वामी मंदिर गौशाला लालपुर में पहुंची।

सोमवार 7 को सिविल लाईन, मंगलवार 8 को मनोहर गौशाला धरमपुरा, बुधवार 9 को शासकीय अस्पताल, गुरूवार को गोल बाजार और शुक्रवार 11 को महावीर चौक से प्रभात फेरी समता भवन तुरकारी पारा पहुंचेगी जहां पूरे दिन समाज द्वारा धर्म कर्म को लेकर विविध आयोजन किया जाएगा।

सकल जैन श्री संघ अध्यक्ष नरेंद्र बोथरा ने बताया कि जनम कल्याणक महोत्सव के दौरान चार दिनों तक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगा जिसमें सोमवार 7 को कुशल पैलेस मे जिन धर्म की महिमा, मंगलवार 8 को वर्तमान मे वर्धमान की आवश्यकता विषय पर परिचर्चा, बुधवार 9 को विश्व नवकार दिवस सहित संयम पथ के साधकों का अभिनंदन किया जाएगा। गुरूवार 10 को प्रभु भक्ति व पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

### गूंजेगा अहिंसा परमो धर्म का नारा

अध्यक्ष नरेंद्र बोथरा ने बताया कि जन्म कल्याणक महोत्सव के महत्वपूर्ण तिथि गुरूवार 10 को सुबह प्रभात फेरी निकलेगी, समता युवा मंडल के संयोजन मे कुशल पैलेस मे नवकारसी, जैन यूथ क्लब के संयोजन मे भगवान महावीर की भव्य शोभा यात्रा निकलेगी। पाश्र्वनाथ महिला मंडल, सुधर्म महिला मंडल, समरथ महिला मंडल, महावीर मित्र मंडल व यूथ क्लब द्वारा स्वामी वात्सल्य बाद दोपहर दो बजे के बाद स्वाध्याय, सामायिक व आराधना का कायक्रम होगा। शाम चार बजे भारतीय जैन संघटना के संयोजन मे खेल खेल मे सीखे जैन धर्म स्पर्धा होगी। सूर्यास्त पूर्व स्वामी वात्सलय बाद प्रभु भक्ति व पुरसकार वितरण का कार्यक्रम होगा। उन्होने बताया कि महोत्सव को लेकर सभी को कार्यक्रम के संचारू संपादन संचालन के लिए विभागवार जिम्मेदारयि दी गई है। भगवान महावीर के जन्म जयंती के दिन सभी की व्यावासायिक प्रतिष्ठाने पूरी तरह से बंद रहेगी।


# बाजार अतरिया में दुकालू की प्रस्तुति ने मचाई धूम



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

श्री नथेला मंदिर समिति व क्षेत्रवासियों के सहयोग से ब्लाक के बाजार अतरिया स्थित नथेला मंदिर परिसर में आयोजित चैत्र नवरात्रि जगराता कार्यक्रम इस बार नई भव्यता के साथ हुआ। हर साल की तरह इस बार भी यहां श्रद्धालु अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए पहुंचे थे, लेकिन इस बार खास आकर्षण का केंद्र जस सम्राट दुकालू यादव का प्रस्तुति रही। उनके भक्ति गीतों पर लोग झूमते हुए नृत्य करते नजर आए।

श्रद्धालुओं और दर्शकों की भारी भीड़ थी जिससे मंदिर परिसर खचाखच भरा हुआ था। पिछड़ा वर्ग आयोग उपाध्यक्ष और दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कार्यक्रम की सराहना की वही जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने दो लाख की लगात से परिसर मे टीन शेड की घोषणा की। इस दौरान पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू, सरपंच बिमला वर्मा, सहकारी समिति अध्यक्ष हरप्रसाद वर्मा, जिपं सदस्य जमुना नरेश कुर्रे, जनपद सदस्य दीक्षा पूर्णचंद गुप्ता, भाजयुमो अध्यक्ष आयश सिंह बोनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष केशव चंदेल, मंडल अध्यक्ष देवकुमार सेन, उपसरपंच उत्तम वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे। जस सम्राट दुकालू यादव की प्रस्तुति के दौरान हर कोई भक्ति के रंग में रंगा संगीत पर झूमते नजर आए हुए।



**पर्व:** महाअष्टमी पर कवर्धा शहर के सभी देवी मंदिरों में की गई विशेष पूजा अर्चना

# चैत्र नवरात्रि की महाअष्टमी पर शक्ति की भक्ति में डूबे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

चैत्र नवरात्र पर्व की अष्टमी को कवर्धा नगर सहित अंचल के सभी देवी मंदिरों में पूरे विधि विधान के साथ हवन पूजन किया गया। इस पर्व विशेष में शनिवार की सुबह से ही मंदिरों में भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया था और यह सिलसिला सुबह से लेकर देर रात चलते रहा। जिसके चलते नगर में मेला जैसा माहौल देखने को मिला। चैत्र नवरात्र के महाअष्टमी के रोज सुबह से श्रद्धालुओं ने स्थानीय देवी मंदिरों एवं शक्तिपीठों में पहुंचकर मां जगत जननी की विधि विधान से पूजा अर्चना की और ज्योत-ज्वांरा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मां के चरणों में नारियल, फूल, खीर, पूरी तथा श्रृंगार के सामान चढ़ावे के रूप में अर्पित किए। सार्वधिक भीड़ नगर के मां विध्यवासनी मंदिर, महामाया मंदिर, मां काली मंदिर, दुर्गा मंदिर, दंतेश्वरी मंदिर, परमेश्वरी मंदिर, शीतला मंदिर में देखने को मिली। इस दौरान श्रद्धालुओं ने साथ मिलकर पूरी भक्ति भावना के साथ मंदिर परिसर में बैठकर हवन भी किया। मां की भक्ति में डूबा समूचा नगर हवन कुण्ड से उठने वाले पवित्र धुआं व खुशबू से दमक उठा। चारों दिशाओं में मां भक्ति की गंगा देखने को मिली। तेज गर्मी व तपती दोपहरी में भी लोग हाथों में पूजा की थाल लिए नंगे पैर मां के दरबार में जाकर पूजा अर्चना की। नगर के मां महामाया मंदिर, दुर्गा मंदिर, विन्ध्यवासिनी मंदिर तथा सतबहिनिया मंदिर में करीब 11.30 बजे हवन प्रारंभ हुआ। इसके साथ ही मां चण्डी, परमेश्वरी, सिंहवाहिनी व शीतला मंदिर में करीब 12.30 बजे तथा मां राजराजेश्वरी काली मंदिर में 11 बजे हवन प्रारंभ किया गया। दूसरी तरफ अष्टमी की मध्यरात्रि को मां परमेश्वरी एवं मां चण्डी मंदिर से निकले वाले खप्पर को देखने आसपास के अंचलों से हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने पूरे नगर का वातावरण भक्तिमय बना दिया। जिनके कारण पूरी रात स्थानीय देवी मंदिरों में चहल पहल बनी रही।



### मंदिरों के पास मेला सा रहा माहौल

नगर के प्रमुख देवी मंदिरों में शामिल मां विंध्यवासनी मंदिर, मां काली मंदिर, मां महामाया मंदिर, मां दुर्गा मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों के सामने महाअष्टमी के मौके पर सुबह से ही मेला जैसा माहौल देखने को मिला। मंदिरों के बाहर दुकानदारों द्वारा नारियल, फूल माला, खेल खिलौना सहित अन्य साजो सामान की दर्जनो दुकाने लगाई गई थी। जिसमें श्रद्धालुओं ने जमकर खरीदी की और मां जगतजननी को चढ़ावा भेंट किया। इस माहौल के चलते मंदिर के आसपास मेला सा माहौल देखने को मिला। नगर के दो शक्तिपीठों से खप्पर निकलने के कारण यह उत्साह दो गुना होगा।

### अष्टमी पर कराया गया कन्या भोज

आचार्यों व पुरोहितों द्वारा पूरे विधि-विधान से कराए गए हवन के पश्चात कुंवारी कन्याओं को विशेष पूजा अर्चना पश्चात भोजन कराया गया। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। यहां बताना लाजिमी है कि नवरात्रि में कन्या पूजन का अपना विशेष महत्व है इसलिए अष्टमी को कन्या भोज एवं कन्या पूजन कराना आवश्यक माना जाता है। इसी मान्यता के चलते शनिवार को हवन पश्चात सभी देवी मंदिरों में कन्या पूजन एवं भोज कराया गया। इसके अलावा श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घरों में भी मां जगत जननी तथा कन्या की पूजा कर कन्या भोज कराया।

## अगुवान की अगुवाई में मध्यरात्रि निकाला खप्पर


फाईल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

वर्षो पुरानी परम्परा का निर्वाहन करते हुए इस बार भी चैत्र नवरात्रि महाअष्टमी की आधी रात को नगर के दो शक्ति पीठों से सैकड़ों लोगों की भीड़ के बीच खप्पर निकाली गई। स्थानीय चण्डी मंदिर तथा परमेश्वरी मंदिर से ग्राम पूजा के लिए निकाली गई खप्पर की झलक पाने के लिए नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से आए लोगों ने आधी रात तक रतजगा किया। पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच महाअष्टमी की मध्य रात्रि को मां चण्डी मंदिर तथा मां परमेश्वरी मंदिर से विभिन्न अनुष्ठान उपरांत इस परम्परा का निर्वाहन किया गया। नगर भ्रमण में निकलने से पूर्व मंदिर समीतियों के पण्डों द्वारा अगुवान व खप्पर धारक को हुम दिलाकर नदी में स्नान कराया गया। तत्पश्चात बंद फाटक के पीछे माई के गर्भ गृह में इन्हें देवी के परिधान व अलंकारों से सुसज्जित कर लंबे केश युक्त सिर पर मुकुट धारण कराया गया। मां का श्रृंगार पूर्ण होने पर अगुवान के हांथ में तलवार व पुजारी के बाएं हांथ में जलता हुआ खप्पर व दाहिने हांथ में नंगी तलवार धारण कराया गया। देवी भावों से पूर्ण अगुवान व खप्पर धारक अपनी तेज किलकारी भरते हुए ग्राम पूजा के लिए मंदिर परिसर से बाहर आए। तकरीबन 15 मिनट के फासले से निकलने वाले दोनों मंदिरों के खप्पर धारक अपने अगुवान के मार्गदर्शन में हृदय विदारक किलकारी के साथ बिलासपुर मार्ग, सतनामी पारा, ठाकुर पारा, ऋषभदेव चौक, एकता चौक, वीरस्तंभ चौक, गायत्री मंदिर, अंबेडकर चौक से महामाया मंदिर होते हुए उच्च विश्राम गृह के निकट सरदार पटेल मैदान को पारकर सतबहिनिया मंदिर, महल चौक, सिविल लाईन, राधा कृष्ण वार्ड, शीतला चौक, करपात्री चौक, हटरी पारा, कचहरी पारा, गुप्ता पारा होते हुए अपने-अपने देवालयों में जाकर शांत हुए। इस दौरान नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से आए हुए हजारों की संख्या में लोगों ने खप्पर के दर्शन किए।

### खबर संक्षेप


#### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने जारी की पात्र-अपात्र सूची

**कवर्धा।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत 18 सितंबर 2024 को पोषण पुनर्वास केन्द्र में रिक्त चार प्रकार के 09 पदों पर संविदा भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। पदों का दावा, आपत्ति निराकरण सूची एवं अंतिम पात्र-अपात्र सूची जारी किया गया है। सूची जिले के वेब साईट में देखा जा सकता है एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है।

#### विद्यार्थियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम

**कवर्धा।** पीएम श्री योजना के तहत जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) कबीरधाम द्वारा प्राथमिक विद्यालय, उड़ियाकला में सामुदायिक संचार परियोजना के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में अध्ययन की आदत विकसित करना और प्राथमिक चिकित्सा के बुनियादी ज्ञान से अवगत कराना था। इस कार्यक्रम का संचालन पुस्तकालयाध्यक्ष श्रीमती मालविका किशोर ने किया, जिन्होंने छात्रों को पढ़ाई के महत्व को समझाते हुए पुस्तक प्रेम और ज्ञानार्जन को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि पुस्तकें न केवल ज्ञान का भंडार होती हैं, बल्कि व्यक्तित्व विकास में भी सहायक होती हैं। उन्होंने छात्रों को मोबाइल लाइब्रेरी से परिचित कराया, जिससे वे अधिक से अधिक पुस्तकों का लाभ उठा सकें और नियमित अध्ययन की आदत डाल सकें। इसी कार्यक्रम के तहत स्टाफ नर्स श्रीमती निवेदिता सलोमी ने प्राथमिक चिकित्सा जागरूकता सत्र आयोजित किया। इस कार्यक्रम से छात्रों में न केवल अध्ययन की रुचि बड़ी, बल्कि वे आपातकालीन परिस्थितियों में स्वयं और दूसरों की सहायता करने के लिए भी जागरूक हुए।

## दिल्ली पब्लिक स्कूल महाराजपुर में धूमधाम व श्रद्धा भक्ति से मनाई गई दुर्गाष्टमी



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

दिल्ली पब्लिक स्कूल कवर्धा में दुर्गा अष्टमी का पावन पर्व हर्षोल्लास के साथ श्रृद्धा भक्ति के साथ मनाया गया।

पर्व के मौके पर दिल्ली पब्लिक स्कूल महाराजपुर कवर्धा में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें दुर्गा सप्तशती के श्लोकों का पाठ, नृत्य नाटिका और भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत मां दुर्गा की तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर दुर्गा अष्टमी के महत्व और नारी शक्ति के प्रतीक रूप में मां दुर्गा की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत महिषासुर मर्दिनी नाट्य प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। वहीं, विद्यालय प्रांगण को रंगोली, फूलों और पारंपरिक सजावट से सुशोभित किया गया था। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया और सभी ने मां दुर्गा के आशीर्वाद की कामना की।

इस अवसर पर विद्यालय के नए प्रबंधक शिव अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल एवं विजय गुप्ता के साथ शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### श्री रामचंद्र जन्मोत्सव पर भव्य आयोजन



**कवर्धा।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी धर्मनगरी कवर्धा में भगवान राम का जन्मोत्सव धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाया जायेगा। स्थानीय राम जानकी मंदिर, मठ मंदिर, मेकरी मंदिर, जमात मंदिर सहित नगर के अन्य मंदिरों में भव्य तैयारियां की गई हैं। जहां दोपहर 12.00 बजे भगवान श्री रामचंद्र जी के जन्म के बाद 12.30 बजे मंगल आरती की जाएगी। भगवान श्री राम के जन्म को लेकर सभी मंदिरों को आकर्षक विद्युत झालरों से सजाया गया है। इसके साथ ही बाजे-गाजे एवं आतिशबाजी के साथ श्री रामजी का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। श्री राम जानकी मंदिर के पुजारी ने जन्मोत्सव की तैयारी के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि भगवान श्री रामचंद्र जी के जन्म की तैयारियां करीब सप्ताह भर पहले से की जा रही है। रामनवमी पर भगवान श्री राम जी के जन्मोत्सव पर नवीन वस्त्रों एवं आभूषणों से अलंकृत कर उनका विशेष श्रृंगार किया जाएगा। इसके पश्चात रामनवमीं पर दोपहर 12.00 बजे पटाखों, घंट-घड़ियाल एवं बाजे-गाजे की मनमोहक धुन तथा भए प्रकट गोपाला दीन दयाला की स्तुति के साथ भगवान श्री राम जी का जन्म होगा। रामलला के जन्म पश्चात दोपहर 12.30 बजे भव्य मंगलआरती की जाएगी। आरती पश्चात भगवान श्री रामचंद्र जी को विशेष भोग प्रसादी के रूप में मालपुआ, पंजरी और पंचामृत अर्पण की जाएगी। इसके पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा।

## भाजपा आज मनाएगी अपना स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

6 अप्रैल स्थापना दिवस और 14 अप्रैल डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती को संगठन पखवाड़े के रूप में मनाए जाने को लेकर भारतीय जनता पार्टी जिला कवर्धा की वृहत बैठक जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक प्रभारी एवं स्थापना दिवस आयोजन के प्रदेश टोली सदस्य विक्रांत सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का प्रत्येक नेता, पदाधिकारी तथा जनप्रतिनिधि इस दौरान गांव जाकर कम से कम 8 घंटा बितायेगा। प्रवास के दौरान लाभार्थियों से संपर्क, बूथ की बैठक, चौपाल कार्यक्रम तथा शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन सही ढंग से हो रहा है या नहीं उसकी समीक्षा करेगा। बैठक प्रभारी के रूप में विक्रांत सिंह ने पखवाड़े भर के कार्यक्रमों के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि 6 अप्रैल को स्थापना दिवस पर कार्यकर्ता अपने घरों में झंडा लगाकर कार्यक्रम की शुरूआत करेंगे। 8 एवं 9 तारीख को विधानसभा स्तर पर सक्रिय सदस्य सम्मेलन होंगे। गांव एवं बस्ती चलो अभियान के तहत वृहत संपर्क अभियान चलाया जाएगा। अंबेडकर जयंती पर अनेक रचनात्मक कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान एवं गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। जिला अध्यक्ष ने बताया कि संपूर्ण कार्यक्रम के लिए जिले में 4 सदस्यों की टोली बनाई गई है




**अस्थाई स्कूल के शिक्षक थानू धुर्वे का चयन शिक्षक पद पर**

## सामुदायिक पुलिसिंग की अभिनव पहल ला रही रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कबीरधाम जिले में पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में संचालित सामुदायिक पुलिसिंग की अभिनव पहल अब सकारात्मक परिणाम देने लगी है।

इसी श्रृंखला में थाना तरेगांव अंतर्गत ग्राम बोदा-3 निवासी थानू धुर्वे ने अस्थाई स्कूल में सेवा देते हुए वर्ग-3 शिक्षक पद पर चयनित होकर जिले का गौरव बढ़ाया है। उनका चयन छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में हुआ है। शिक्षक बनने के उपरांत थानू धुर्वे ने शनिवार को कबीरधाम पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने थानू धुर्वे को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन संभव है और कबीरधाम पुलिस द्वारा संचालित अस्थाई स्कूल तथा ओपन कोचिंग क्लास इसका सशक्त उदाहरण हैं। थानू धुर्वे की सफलता इस बात का प्रमाण है कि यदि सही मार्गदर्शन और सहयोग मिले तो कोई भी मंजिल दूर नहीं।



### वनांचल में शिक्षा की रोशनी

कबीरधाम पुलिस द्वारा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में संचालित अस्थाई स्कूल एवं ओपन कोचिंग क्लास का उद्देश्य सुदूर वनांचल क्षेत्रों के बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोडना है। इस पहल से न केवल शिक्षा से वंचित बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं, बल्कि वे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर अपने सपनों को भी साकार कर रहे हैं। पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने कहा कि कबीरधाम पुलिस की यह शैक्षणिक पहल आगे भी सतत रूप से जारी रहेगी और अधिक से अधिक बच्चों को इससे जोड़ा जाएगा, ताकि शिक्षा के माध्यम से उनका भविष्य उज्ज्वल बनाया जा सके।